Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24


website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 60 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 14 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमें उस विकास से कोई मतलब नहीं जो हमारी आस्था को कलंकित कर दे।

We have no concern with that development which disgraces our faith.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन आज

**रायपुर (विसं)।** जिला प्रशासन रायपुर व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को सुबह 7 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन होगा। स्वतंत्रता दौड़ शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर से प्रारंभ होकर खजाना चौक से यू-टर्न लेते हुए शहीद भगत सिंह चौक में समाप्त होगी। इसमें जनप्रतिनिधि छात्र-छात्राएं, एनएसएस, एनसीसी स्काउट के कैडेट, खिलाड़ी एवं खेल संघों के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### राजधानी में 300 जूनियर डॉक्टर रहेंगे हड़ताल पर

**रायपुर (विसं)।** कोलकाता में एक जूनियर डॉक्टर से बलात्कार तथा उसकी हत्या के विरोध में रायपुर के जूनियर डॉक्टर 14 अगस्त बुधवार को एकदिवसीय हड़ताल पर रहेंगे जिसके चलते अंबेडकर अस्पताल में ओपीडी की सभी सेवाएं बंद रहेंगी। सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं में काम होगा। बता दें कि कोलकाता में डॉक्टर से रेफ एवं हत्या के विरोध में राजधानी रायपुर के डॉक्टर पहले से ही काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। एक दिन पहले डॉक्टरों ने केंडल मार्च भी निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन किया था और जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल करने का फैसला लिया है। इस फैसले से करीब 300 जूनियर डॉक्टर काम बंद रखेंगे।

## राष्ट्रीय स्तर के निर्यात सुविधा केन्द्र और उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ के विकास को मिलेगी गति : विष्णु देव साय



- छत्तीसगढ़ में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता के निर्यात सुविधा केंद्र और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की होगी स्थापना
- मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री की उपस्थिति में एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर
- पढ़े-लिखे युवाओं को उद्योग धंधों और व्यापार गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता
- दोनों संस्थानों से युवाओं को नये उद्योगों की स्थापना, वर्तमान उद्योगों को बढ़ाने और विदेशों में निर्यात करने मिलेगा मार्गदर्शन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में आज छत्तीसगढ़ में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता (आईआईएफटी) के निर्यात सुविधा केंद्र और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के सुविधा केंद्र के छत्तीसगढ़ में स्थापित होने से छत्तीसगढ़ से निर्यात करने वाले व्यवसायियों को मार्गदर्शन मिल सकेगा। राज्य से निर्यात गतिविधियां बढ़ेंगी। निर्यात की जाने वाली वस्तुओं, उत्पादों के सर्टिफिकेशन, बाजार की जानकारी और किस कीमत पर एक्सपोर्ट किया जाना है इस संबंध में निर्यात करने वाले उद्यमियों को मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के छत्तीसगढ़ में स्थापित होने वाले प्रशिक्षण केंद्र से प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के इन दो केंद्रों की स्थापना से प्रदेश व्यावसायिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधन और वन संपदा की दृष्टि से एक संपन्न राज्य है। यहां की धरती उर्वरा है। राज्य सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ में अधिक से अधिक उद्योग धंधे स्थापित हों, वाणिज्य और व्यापार बढ़े ताकि हमारे पढ़े-लिखे अधिक से अधिक बेटा-बेटियों को रोजगार मिल सके। पढ़े-लिखे युवाओं को उद्योग धंधों से जोड़ने की आवश्यकता है। हमारे युवा उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्यात छत्तीसगढ़ में निर्यात सुविधा केंद्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ के उत्पादों का विदेशों में निर्यात बढ़ेगा और उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना से हमारे युवा उद्योगों की स्थापना और वर्तमान उद्योगों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित होंगे और इसके लिए सक्षम बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। छत्तीसगढ़ में भी हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए विजन डाक्यूमेंट तैयार कर रहे हैं। अपने राज्य में उद्योग और व्यापार को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जिन राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू हुआ है, उनके यहां आना छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नए-नए उद्योग धंधों और व्यापार की गतिविधियां फलें-फूलें इससे अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। युवाओं को यह जानकारी मिल सकेगी कि कैसे अपना उद्योग बढ़ा सकें, कैसे विदेश में व्यापार किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में अधिक से अधिक उद्योगों की स्थापना के लिए सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ की उद्योगों के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए तेजी से निर्णय लिए हैं। काफी कम समय में मोदी जी की गारंटियां पूरी की गई हैं।

आईआईटीएफ का सुविधा केंद्र छत्तीसगढ़ में स्थापित करने के लिए किए गए एमओयू पर राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद और आईआईएफटी कोलकाता के हेड डॉ. के. रंगराजन ने और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (ईडीआईआई) के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए ईडीआईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ. सुनील शुक्ला ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान को सुविधा केंद्र संचालित करने के लिए राज्य सरकार उद्योग भवन, रायपुर में स्थान तथा तीन वर्ष की अवधि में लगभग 75 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराएगी। इसी तरह भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए राज्य सरकार स्थान तथा लगभग सवा तीन करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराएगी।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया आदेश, महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की होगी सीबीआई जांच




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बीच इस मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसके बाद अब इस केस की जांच अब सीबीआई करेगी। मंगलवार को उच्च न्यायालय ने यह आदेश दिया।

अदालत ने कहा कि इस घटना में अस्पताल प्रशासन ने गंभीर लापरवाही की है और इस मामले की जांच अब सीबीआई को दी जाती है। इसके साथ ही अदालत ने अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल को लंबी छुट्टी पर भेज दिया है। इस वीभत्स हत्याकांड का पूरे देश में विरोध हो रहा है। यहां तक कि देश भर के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर विरोध जता रहे हैं और कई जगहों पर ओपीडी ठप पड़ी है। अदालत ने कहा कि अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में ढिलाई बरती, जबकि उसे पता था कि क्या घटना हुई है। किस तरह डॉक्टर के शरीर पर गंभीर चोटों के और जख्मों के निशान हैं। अदालत ने कहा कि मृतका के परिजन ऐसी एजेंसी से जांच चाहते हैं, जिसमें कोई छेड़छाड़ की गुंजाइश न रहे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के केवी राजेंद्रन केस में दिए फैसले का जिक्र किया और कहा कि दुर्लभतम मामलों में अदालत भी केस ट्रांसफर करने की अपनी शक्ति का इस्तेमाल कर सकती है। अदालत का यह फैसला इसलिए भी अहम है क्योंकि सीएम ममता बनर्जी ने खुद कहा था कि पुलिस रविवार तक इस मामले की पूरी जांच करे और खुलासा हो। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो हम केस की जांच सीबीआई को ट्रांसफर कर देंगे। वहीं हाई कोर्ट ने रविवार के पहले ही यह फैसला दे दिया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस पर 11वीं बार लालकिले पर ध्वजारोहण करेंगे

**18 हजार मेहमान होंगे आकर्षण का केंद्र**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार 11वीं बार लाल किले पर तिरंगा फहराएंगे । ऐसा कर पीएम मोदी लगातार 10 बार तिरंगा फहराने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पीछे छोड़ेंगे। हालांकि, वह इस मामले में पंडित जवाहर लाल नेहरू से पीछे रहेंगे, जिन्होंने लगातार 17 बार लालकिले पर झंडा फहराया था।

लाल किले पर झंडा फहराने के मामले में कीर्तिमान पहले प्रधानमंत्री नेहरू के नाम है। इसके बाद दिवंगत इंदिरा गांधी ने 16 बार लाल किले पर झंडा फहराया। नेहरू ने 1947 से 1963 तक लगातार झंडा फहराया। इंदिरा गांधी ने 1966 से 1976 तक व 1980 से 1984 तक लगातार पांच बार और कुल 16 बार लाल किले पर झंडा फहराते हुए देश को संबोधित किया। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने 2004 से 2013 तक लगातार दस बार झंडा फहराया था।

## एनआईटी रायपुर में ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन



**रायपुर (पीआईबी)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में 13 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ स्टेट रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (क्रेडा), ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) और इंडियन वाटर रिसोर्सेज सोसायटी (आई.डबल्यू.आर.एस.) स्टूडेंट चैप्टर एनआईटी रायपुर ने एनआईटी रायपुर के साथ मिलकर 'एनर्जी कंजर्वेशन-सेविंग प्लेनेट फॉर फ्यूचर जेनरेशन' विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्रेडा से श्री आर.एस. भाकुनी, श्री आदित्य बघेल और श्री आकाश शर्मा, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डॉ. प्रियंका पचौरी मिश्रा और आईडब्ल्यूआरएस स्टूडेंट चैप्टर एनआईटी रायपुर के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. इश्तियाक अहमद उपस्थित रहे। वर्कशॉप का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना, प्रतिभागियों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट को अपनाने और ऊर्जा प्रबंधन में नवाचार करने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री राजेश सिंह राणा, सी ई ओ, आई ए एस, क्रेडा के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद आर. एस. भाकुनी ने 1,60,000 सौर ऊर्जा पंपों और 30,000 से अधिक सौर ऊर्जा संचालित पेयजल स्रोतों की स्थापना जैसी क्रेडा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है सिद्धांत पर जोर दिया और घर पर ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। आकाश शर्मा ने ऊर्जा-कुशल तकनीकों और उपयोग पर चर्चा की, ऊर्जा संरक्षण और कुशल उपकरणों को अपनाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया।

अपने संबोधन में, डॉ. प्रियंका ने ऊर्जा संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी में क्रेडा के महत्वपूर्ण योगदान पर गहराई से जानकारी दी। उन्होंने सौर ऊर्जा और कृषि परियोजनाओं में क्रेडा की भागीदारी के बारे में विस्तार से बताया, ऊर्जा दक्षता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उनके प्रयासों पर जोर दिया। प्रियंका ने अपशिष्ट प्रबंधन और औद्योगिक गतिविधियों सहित जलवायु परिवर्तन के कारणों और परिणामों पर चर्चा की, और वैश्विक जलवायु लक्ष्यों और मिशन लाइफ पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों और 2001 के ऊर्जा संरक्षण अधिनियम को रेखांकित किया, जिसमें पीएटी, एमयूडीएसएम, ईसीबीसी और एजीडीएसएम जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण दिया गया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि क्रेडा ने 71 एनर्जी एफिशिएंट गांव, 459 ऊर्जा क्लब और 29 सहायता केंद्रों की स्थापना की है। ब्राइट आइडिया कॉन्सेप्ट और 300 से अधिक किसानों को प्रशिक्षित करने तथा ऊर्जा कुशल मॉडल स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र बनाने में उनके काम का वर्णन किया, जिसमें सस्टेनेबिलिटी और ऊर्जा संरक्षण को आगे बढ़ाने में सार्वजनिक शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाया गया। इसके साथ ही क्रेडा की उत्कृष्टता पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि क्रेडा देश की अपनी जैसी संस्थाओं में दूसरे स्थान पर है।

कार्यशाला का समापन ऑन-द-स्पॉट क्विज़ प्रतियोगिता के साथ हुआ, जहाँ विजेताओं को उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद, डिजिटल पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार वितरण हुआ, जिसमें एन आई टी रायपुर की वंदना सिंह को तीसरा स्थान, यशराज साहू को दूसरा स्थान और जीईसी रायपुर की भगवती सिंह को पहला स्थान मिला। कार्यक्रम का समापन सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजकों के योगदान को सम्मानित करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## कटघोरा में भारत का पहला लिथियम माइंस का काम जल्द होगा शुरु




**कोरबा (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में देश का पहला लिथियम खदान जल्द ही शुरू होने जा रहा है। कोरबा जिले के कटघोरा में शुरू होने वाला लिथियम खदान भारत में लिथियम के उत्खनन का पहला प्रयास होगा, जो छत्तीसगढ़ को औद्योगिक क्षेत्र में एक नई दिशा देगा। राज्य के कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि कटघोरा में लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम का बड़ा भंडार मिला है। इस लिथियम खदान के शुरू होने से छत्तीसगढ़ आने वाले समय में देश के प्रमुख राज्यों में शामिल होगा और भारत के 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की छठवीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में शामिल हुए।

बैठक में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में खनिजों का दोहन और उनके उपयोग के साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण पर चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित कटघोरा क्षेत्र की भी चर्चा हुई। जिओलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में कटघोरा के लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम के बड़ा भंडार होने की पुष्टि हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में उपस्थित रहने वाले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा है कि कटघोरा में शीघ्र ही शुरू होने वाली लिथियम की खदान देश की पहली लिथियम खदान होगी।

गौरतलब है कि भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ सहित बिहार, गुजरात, झारखण्ड, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर में स्थित 20 क्रिटिकल एंड स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स का ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन हेतु एमएसटीसी पोर्टल में एनआईटी जारी किया गया है। इन 20 ब्लॉक्स में से छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित कटघोरा क्षेत्र में लिथियम एंड आरईई ब्लॉक भी शामिल है। लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में जीएसआई द्वारा प्रारंभिक सर्वे में लगभग 10 पीपीएम से 2 हजार पीपीएम लिथियम कन्टेन्ट पाया गया है। ब्लॉक में रेयर अर्थ एलिमेंट की भी उपस्थिति पाई गई है। क्रिटिकल एंड स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की आवश्यकता रिन्यूवेबल एनर्जी, रक्षा, कृषि, फार्मास्युटिकल, उच्च-तकनीकी इलेक्ट्रानिक्स, दूरसंचार, परिवहन आदि में होती है। इस खनिज के मामलों में वर्तमान में देश आयात पर निर्भर है।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल हुआ संपन्न



### वरिष्ठ संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे ने किया ध्वजारोहण, कलेक्टर एवं एसपी ने लिया तैयारियों जायजा

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** स्वतंत्रता दिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ गरिमापूर्वक मनाया जाएगा। जिले में आयोजित मुख्य समारोह के लिए बलौदाबाजार शहर के पं.चक्रपाणि हाई स्कूल मैदान में मैदान आज सुबह 9 बजे अंतिम रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस विजय अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्य दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में लगातार बारिश हो रही है उस हिसाब से बैठक सहित अन्य व्यवस्था के समुचित तैयारी के निर्देश दिए है। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर सभी शासकीय कार्यालयों में लाइटिंग की व्यवस्था एवं सभी महत्वपूर्ण प्रतिमाओं, स्मारक स्थलों का साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। एसपी श्री अग्रवाल ने शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए रुट चार्ट तैयार कर जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस की तैनाती तय करने के आदेश जारी किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था चुस्त करते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की है। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में पुलिस एवं नगर सैनिक के द्वारा मार्चपास्ट किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनसीसी, स्काउट, गाईड रेडक्रास के बच्चे भी शामिल होंगे। साथ ही विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मलडीखंभ का भी आयोजन किया जायेगा. इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह, एसडीओपी निधि नाग, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों एवं पुलिस प्रशासन विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ट्रेनों का परिचालन एक ही बार प्रभावित हो इसके के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पश्चिम मध्य रेलवे के दमोह स्टेशन के कार्य के साथ सामंजस्य करते हुये उमरिया स्टेशन का नॉनइंटरलॉकिंग का कार्य आयोजित किया, जिससे रेल यात्रियो को दो बार असुविधा का सामना ना करना पड़े

- जबलपुर रेल मंडल के कटनी मुरवाड़ा-बीना रेलवे स्टेशनों के बीच दमोह रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा
- बिलासपुर रेल मंडल के उमरिया स्टेशन को तीसरी रेल लाइन से जोड़ने के लिए उमरिया स्टेशन में नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य किया जायेगा
- बिलासपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे भविष्य में यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी
- इस कार्य के फलस्वरुप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

**रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)।** अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार बिलासपुर-कटनी के बीच तीसरी रेल लाइन इस रेलवे की एक महत्वपूर्ण तथा व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर भारत से जोड़ती है। परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे आधारभूत संरचना में विकास के साथ नई यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों की समय बद्धता में वृद्धि होगी। इसी दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए बिलासपुर से कटनी के बीच तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बिलासपुर- कटनी सेक्शन के उमरिया रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रिमोडलिंग का कार्य किया जाएगा।

उमरिया रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन को जोड़ने का यहा कार्य दिनांक 24 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक (विभिन्न तिथियो में) किया जायेगा एवं पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के कटनी मुरवाड़ा-बीना रेलवे स्टेशनों के बीच दमोह रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन को जोड़ने का यहा कार्य दिनांक 26 अगस्त से 09 सितम्बर, 2024 तक (विभिन्न तिथियो में) किया जायेगा। रेल यात्रियो को कम से कम असुविधा हो इसलिए ये दोनों कार्य एक साथ किए जा रहे है। जिससे गाड़ियो का परिचालन अलग-अलग प्रभावित न होते हुए एक बार ही होगा और यात्रियो को दो बार प्रभावित परिचालन का दो बार सामना न करना पड़े। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलाने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है-

**रद्द होने वाली गाडियां**- दिनांक 28 अगस्त, 04 एवं 11 सितम्बर, 2024 को रानी कमलापति (हबीबगंज) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति (हबीबगंज)- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 28 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी-पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 28 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 28 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 29 एवं 31 अगस्त, 03, 05 एवं 07 सितम्बर,, 2024 को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनुनपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 29 एवं 31 अगस्त, 03, 05 एवं 07 सितम्बर, 2024 को अनुनपुर से चलने वाली 05756 अनुनपुर- चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 27 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28 अगस्त से 06 सितम्बर, 2024 तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 अगस्त से 04 सितम्बर, 2024 तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक नागपुर से चलने वाली 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28 अगस्त से 05 सितम्बर, 2024 तक शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28 एवं 30 अगस्त, 02 एवं 04 सितम्बर, 2024 को रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 29 एवं 31 अगस्त, 03 एवं 05 सितम्बर, 2024 को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 29 अगस्त, 02 एवं 05 सितम्बर, 2024 को लखनऊ से चलने वाली 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 30 अगस्त, 03 एवं 06 सितम्बर, 2024 को रायपुर से चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 अगस्त, 01 एवं 03 सितम्बर, 2024 को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28 अगस्त, 02 एवं 04 सितम्बर, 2024 को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28 अगस्त, 04 सितम्बर, 2024 को सांतरागाछी से चलने वाली 20828 सांतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 अगस्त, 05 सितम्बर, 2024 को जबलपुर से चलने वाली 20827 जबलपुर - सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 अगस्त एवं 05 सितम्बर, 2024 को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 31 अगस्त एवं 07 सितम्बर, 2024 को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 अगस्त, 05 एवं 12 सितम्बर, 2024 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22170 सांतरागाछी रानी कमलापति (हबीबगंज)- एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 31 अगस्त एवं 07 सितम्बर, 2024 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22830 शालीमार- भुज एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03 एवं 10 सितम्बर को भुज से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 24 अगस्त से 12 सितम्बर, 2024 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर ङ्कभोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 26 अगस्त से 14 सितम्बर, 2024 तक भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 26 अगस्त, 02 एवं 09 सितम्बर, 2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18207 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 अगस्त, 03 एवं 10 सितम्बर, 2024 को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 01 एवं 08 सितम्बर, 2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02 एवं 09 सितम्बर, 2024 को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28 अगस्त, 04 एवं 11 सितम्बर, 2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 30 अगस्त, 06 एवं 13 सितम्बर, 2024 को शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर)-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27, 30 अगस्त, 03, 06, 10 एवं 13 सितम्बर, 2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 28, 31 अगस्त, 04, 07, 11 एवं 14 सितम्बर, 2024 को निज़ामुद्दीन से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 अगस्त, 2024 को विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18573 विशाखापटनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 31 अगस्त ई, 2024 को भगत की कोठी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18574 भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 24 एवं 31 अगस्त, 2024 को उदयपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 25 अगस्त एवं 01 सितम्बर, 2024 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20972 शालीमार-उयदपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 सितम्बर, 2024 को लालगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20471 लालगढ़-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 09 सितम्बर, 2024 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20472 पूरी-लालगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 22 अगस्त एवं 03 सितम्बर, 2024 को निज़ामुद्दीन से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22408 निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 अगस्त एवं 05 सितम्बर, 2024 को अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22407 अम्बिकापुर -निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां**- दिनांक 31 अगस्त एवं 09 सितम्बर, 2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12823 दुर्ग-निज़ामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू कटनीङ्ककटनी-सतना-ओहन केबिन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन होकर चलेगी। 08 अगस्त एवं 10 सितम्बर, 2024 को निज़ामुद्दीन से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12824 निज़ामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन-ओहन केबिन- कटनी- न्यू कटनी होकर चलेगी। 12 सितम्बर, 2024 को अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22407 अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू कटनीङ्ककटनी-सतना-ओहन केबिन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन होकर चलेगी। 12 सितम्बर, 2024 को मुम्बई सेन्ट्रल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12550 मुम्बई सेन्ट्रल-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन-ओहन केबिन-सतना- कटनी- न्यू कटनी होकर चलेगी। 04 एवं 11 सितम्बर, 2024 को अमृतसर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन-ओहन केबिन-सतना- कटनी- न्यू कटनी होकर चलेगी। 27 अगस्त, 2024 को भुज से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संत हिरदाराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी- न्यू कटनी होकर चलेगी। 27 अगस्त से 04 सितम्बर, 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-बालघाट- नैनपुर-जबलपुर- कटनी होकर चलेगी। 27 अगस्त से 04 सितम्बर, 2024 तक बरौनी से चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी जबलपुर-नैनपुर- बालघाट-गोंदिया होकर चलेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13784/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13784
वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR104J0015H जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GEETA SINGH पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O MADAN SINGH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1) SHUBHAM RATHORE 2) ARCHANA RATHORE पिता/पति, श्री/श्रीमती 1)S/O RAKESH RATHORE 2) W/O RAKESH RATHORE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13469/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13469
वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR105G00046 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SAROJ DEVI SHARMA पिता/पति, श्री/श्रीमती GHANSHYAM SHARMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती VIDHI HARDAHA पिता/पति, श्री/श्रीमती MUKESH KUMAR HARDAHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./12937/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12937
वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR105H00600 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NIRMALA BAI VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती VISHNU VERMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती ANUP KUMAR पिता/पति, श्री/श्रीमती CHUNMUN PRASAD ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा शंकर नगर सरहद रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक - 117, ब्लाक - 08, प्रथम तल, श्री हीरामणि मिश्रा - पिता श्री संस्कृत प्रसाद मिश्रा** के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा समस्त राशि जमा कर फ्लैट कि सेलडीड दिनांक 27.11.2007 को पंजीकृत करने उपरांत आधिपत्य प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में आबंटी **श्री हीरामणि मिश्रा पिता श्री संस्कृत प्रसाद मिश्रा, निवासी - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जल स्तंभ चौक शाखा के पास, रायपुर** (छ.ग.) द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्री प्रभाकर वर्मा पिता श्री हीरालाल वर्मा, निवासी - म. नं. - 120, गली नं.- 06, वि. वि. मोवा रायपुर (छ.ग.)** को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्मित व्यवसायिक परिसर धनसुली, रायपुर में स्थित दुकान क्रमांक -03, **श्री मदन सिंह पिता श्री रामायण सिंह** के नाम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड/अनुबंध दिनांक 22.03.2013 पंजीकृत कराने उपरान्त दुकान की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक 01.07.2013 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री मदन सिंह पिता श्री रामायण सिंह निवासी- 82, शंकर भगवान मंदिर के पास, वार्ड नं.-05, उमपोंती, पुरई, जिला दुर्ग (छ.ग.)** के द्वारा उक्त दुकान को क्रेता **श्रीमती किरण देवी सिंह पति श्री उमेन्द्र कुमार सिंह निवासी-तुलसी-02, मंदिर हसौद, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन, अन्य दस्तावेज, प्रस्तुत कर विक्रय अनापत्ति पत्र (**NOC**) की मांग की गई है।

अत: उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

**RAIPUR SMART CITY LIMITED**
मोर Raipur SMART CITY
CIN-U74999CT2016SGC007534
Registered Office: Floor 4, 5 & 6, City Kotwali Police Station, Chhotapara Road, Chhotapara, Raipur, Chhattisgarh 492001
Website:- https://smartcityraipur.castate.gov.in

APPOINTMENT OF KEY PERSONNEL ON CONTRACT BASIS

Dis.No. 21317/HR./RSCL/2024 Date:-.12/08/2024
**Raipur Smart City Limited (RSCL)** intends to hire following Personnel on Contract Basis :-

- Urban Knowledge Expert - 01 Post (Full Time)
- General Manager (GM) - IT - 01 Post (Full Time)
- Procurement Specialist - 01 Post (Full Time)
- Senior Manager HR - 01 Post (Full Time)

1. Details of qualification & experience requirement can be viewed on, https://smartcityraipur.cgstate.gov.in/.
2. **Interested Candidates can apply ONLY ONLINE (mention "post name_recruitment 2024" in Mail Subject) with their resume at hr.rscl.raipur@gmail.com. from 13/08/24 10:00 AM to 27/08/2024 till 05:30 PM.**
3. **For queries & clarification,** you may contact Raipur Smart City Limited office in office hours 10:00 AM to 06:30 PM or contact Mr. Prashant (Mo: 98278 99855) during 10:00 AM to 06:30 PM in all working days.
4. The Managing Director, Raipur Smart City Ltd. has power to stop or cancel this process at any stage.

-sd-
**Managing Director**
Raipur Smart City Limited

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./12291/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12291
वार्ड का नाम- 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446I00276 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KUMARI SHRADDHA JAIN पिता/पति, श्री/श्रीमती RAMESH SANCHETI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री भरत कुमार दोशी 2. श्रीमती भाविका 3 श्री शिरीष भरत कुमार दोशी 4. श्रीमती मेघना शिरीष दोशी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. पिता श्री दलीचंद दोशी 2. पति श्री भरत कुमारी दोशी 3 पिता श्री भरत कुमार दोशी 4 पति श्री शिरीष दोशी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./13819/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13819
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR567F00651 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RANI MUSHLMAN पिता/पति, श्री/श्रीमती RAJU MUSHLMAN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती NAJUL MEHRUNISHA MUSALMAN पिता/पति, श्री/श्रीमती SEK ALLU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./13818/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13818
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR567K00284 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SUMIT KUMAR SONI पिता/पति, श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती LAXMI KANT पिता/पति, श्री/श्रीमती J. P SHUKLA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./13822/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13822
वार्ड का नाम-40-ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR560D00576 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती HIRA NAND पिता/पति, श्री/श्रीमती KIMAT LAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SURESH KUMAR KODWANI पिता/पति, श्री/श्रीमती KIMATMAL KODWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./13821/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13821
वार्ड का नाम-40-ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR569K00139 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती VIGYANI DEVI SHAMRA पिता/पति, श्री/श्रीमती P.K. SHAMRA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती JAGESH KUMAR VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती RAJKUMAR VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./13823/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13823
वार्ड का नाम-40-ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR560B00002 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती JAGDISH पिता/पति, श्री/श्रीमती MAKHAN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती RAJENDRA KUMAR YADU पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. TIJU RAM YADU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./13853/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13853
वार्ड का नाम-43-महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR662L00105 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ARUN, ANIL, ANUP, AJEET, AVADH, SARASWATI BAI, VIVEK, ABHISHEK, ASHA VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती LT. BHONDURAM BIJORA, ASHOK KUMAR BIJORA, SANTOSH VERMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KRISHNA PANDEY पिता/पति, श्री/श्रीमती M.K. PANDEY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13783/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 13-08-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 13783
वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR104J0015G जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GEETA SINGH पिता/पति, श्री/श्रीमती MADAN SINGH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SAURABH VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O BODHAN VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ, कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

### रैली निकालकर दिया गया विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र का संदेश



**महासमुंद(विश्व परिवार)।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अभियान की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर पूर्वान्ह 9:00 बजे विकसित भारत का मंत्र भारत को नशे से स्वतंत्र की थीम पर समस्त विधार्थियों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारी/अधिकारियों एवं जन सामान्य को नशामुक्त की प्रतिज्ञा/शपथ करने का कार्यक्रम केन्द्रीय मंत्री श्री विरेन्द्र सिंह एवं राज्यमंत्री रामदास अठावले भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में भारत देश के समस्त जिले वर्चुअल रूप से जुड़े जिसमें देशभर में 10 हजार स्थानों से कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़कर नशा मुक्ति की शपथ ली। आज यहां जिला महासमुन्द के कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ नशामुक्ति अभियान में वर्चुअल रूप से जुड़कर भारत सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग भी मौजूद थी। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज खांडे, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह एवं अन्य जिला अधिकारी-कर्मचारी वर्चुवल कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात शपथ ग्रहण लिया गया। जिसमें समाज को नशे से बचाना, खुद भी नशा नहीं करना और नशे को जड़ से दूर हटाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का शपथ लिया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात रैली के रूप में वन विभाग के वनरक्षक, खेल विभाग से युवा खिलाड़ी, नगर पालिका स्वच्छता दीदी, शिक्षा विभाग एवं स्कूली छात्र छात्राओ सहित समाज कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी सहित कुल 2000 लोगों को शपथ ग्रहण कराया जाकर रैली निकाला गया। रैली के पूर्व रैली मानव श्रृंखला को कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा शपथ दिलाया गया।

# शिकार के लिए बिछाये करंट की चपेट में आकर मौत, दो गिरफ्तार

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** जिले के बलभद्रपुर जंगल में शिकार के लिए बिछाये गये करंट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं करंट बिछाने वाले दो युवकों ने पकड़े जाने के डर से शव का छिपा दिया। इधर मृतक के परिजन उसे लापता समझकर ढुंढने में लगे रहे। आखिरकार चक्रधरनगर थाना पुलिस ने मामले का खुलासा किया और करंट बिछाने वाले युवकों को गिरफ्तार कर मृतक का शव भी बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नटवरपुर निवासी तेजकुमार धनवार ने चक्रधरनगर थाने में अपने पिता सुग्रीव धनवार के 7 जुलाई से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तेजकुमार ने पुलिस को बताया था कि घटना के दिन (07 जुलाई) को सुग्रीव अपने भाई हीरालाल के साथ गांव बलभद्रपुर गए थे, जहां दोनों ने शराब पी थी। वापस लौटते समय जंगल रास्ते में सुग्रीव धनवार करंट लगने से वहीं गिर गया जिसे हीरालाल उसी हालत में छोड़कर घर लौट आया। अगले दिन जब सुग्रीव की तलाश शुरू हुई, तब हीरालाल ने घटना की जानकारी दी। सुग्रीव के घरवाले जंगल जाकर देखे वहां कोई नहीं मिला। तब खोजबिन कर थाने में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव ने घटना को गंभीरता से लेते हुए गुम इंसान जांच में लापता हुए सुग्रीव के घरवालों से पूछताछ का सिलसिला शुरू किया गया । इस दौरान गांव के गुड्डू धनवार (19 साल) की गतिविधि संदिग्ध पाई गई जिसे घटना के दिन के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने कबूल किया कि उसने और उसके दोस्त नीलकंठ राठिया उर्फ भूरी (23 साल) ने बलभद्रपुर जंगल में अवैध शिकार के लिए बिजली के तार लगाए थे, जिसकी चपेट में आकर सुग्रीव की मौत हो गई थी और उन्हें पता चला तो दोनों ने पकड़े जाने के डर से उन्होंने शव को जंगल में छिपा दिया था। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल आरोपी नीलकंठ राठिया को भी हिरासत में ले लिया। आरोपियों की निशानदेही में शव को बिछाये करंट वाले स्थाने से काफी दूर झाडियों से बरामद कर मृतक के वारिसान से पहचान कराया गई ।

## कलेक्टर आकाश छिकारा-एसपी विवेक शुक्ला ने कानून व्यवस्था के संबंध में ली बैठक

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आज कानून व्यवस्था की सुचारू रूप संचालन को लेकर राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में अवैध रेत खदानों पर संयुक्त रूप से राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के द्वारा कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है। अतः दुर्घटना जन्य स्थान (ब्लेक चार्ट) का चिन्हाकन कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्ति करने कहा। उन्होंने प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन से सड़क जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हुए सड़कों की आवश्यक मरम्मत कार्य कराये जाने एवं साथ ही मार्ग पर बेरियर लगाये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रो में दुकानो के आगे समान निकालकर आवागमन एवं पार्किंग में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा उसे चिन्हाकित कर सड़क पर स्थित साइन बोर्ड एवं समान को हटाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसील मुख्यालय पर धरना स्थल का चयन करने, ध्वनि प्रदुषण को लेकर जांच करने एन.एच. से बाईपास के के मार्गों पर दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। बैठक मे अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## डेंगू मलेरिया का प्रकोप बढ़ा, सफाई कर्मियों ने किया फांगिग

**दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)।** बारिश के चलते डेंगू मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है । इन बीमारियों से निजात दिलाने नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू के निर्देश पर प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर के द्वारा सफाई कर्मियों की टीम बनाकर फॉगिंग का काम 1 अगस्त से शुरू कर दिया गया है। वार्ड क्रमांक 23, 24 ,26, 20, 21, 3, 4, 9, 22 एवं 25 के गली मोहल्ले में रोकथाम के लिए फागिंग कार्य किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने कहा कि सभी वार्डों में फॉगिंग का कार्य चलता रहेगा । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कूलर,पानी की टंकी, खुले में रखे टायरों पर पानी जमा ना होने दे ऐसे स्थान पर डेंगू के लार्वा पनप जाते हैं, इन स्थानों से पानी को तुरंत खाली करें डेंगू का थोड़ा भी शक होने पर तुरंत अस्पताल जाएं। शासन एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करें। नगर पालिका द्वारा वार्डों में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए जन जागरूकता लाने मुनादी कराया जा रहा है कि लोग अपने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

# सिटी कोतवाली के पीछे लाखों की चोरी



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में चोरों ने पुलिस अधिकारी के घर को ही अपना निशाना बना लिया। चोरों ने पुलिस को एक बड़ा चुनौती दी है कोरबा सिटी कोतवाली के पीछे अग्रोहा मार्ग पर एक पुलिस अधिकारी के निवास है जहां चोरों ने घर में रखें सोने-चांदी के गहनों समेत लाखों रुपए के सामान की चोरी कर ली। जानकारी के मुताबिक, कोरबा सिटी कोतवाली के पीछे अग्रोहा मार्ग पर एक पुलिस अधिकारी के परिवार निवास करता है, पूजा अग्रवाल का दूसरा जिले में पद स्थापना है घर पर भाई श्याम गोयल अपने परिवार के साथ रहता है वहीं पूरा परिवार 2 दिन के लिए बाहर घूमने के लिए गया हुआ था। इसी बात का फायदा उठाकर चोर उनके घर में घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। श्याम गोयल 9 अगस्त को अपने परिवार सहित 11 बजे सुबह घर में ताला लगाकर मैनपाट अम्बिकापुर घूमने गया था और घर पर कोई नहीं था। 11 अगस्त को शाम करीब 4 बजे मैनपाट से वापस घर लौटे। घर के सामने के पहला गेट में लगे ताला को अपने पास रखे चाबी से पत्नी खोलकर घर के अंदर गई तो दूसरे सभी कमरे में लगा दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। घर के ऊपर मंजिल में पूजा घर में रखा एक गणेश भगवान का चांदी का मूर्ति 500 ग्राम कीमती लगभग 50 हजार रूपये, एक लक्ष्मी मां का चांदी का मूर्ति वजन 500 ग्राम करीब किमती लगभग 50 हजार रूपये तथा चांदी का सिक्का जिसमें 10 ग्राम, 20 ग्राम, 100, ग्राम का सिक्का था वजनी करीब 2 किलोग्राम कीमती करीबन 1 लाख रूपये, सोने का छोटा मंगलसूत्र एक नग किमती 3000 रूपये, सोने का छोटा नथ कीमती 500 रूपये तथा ड्रेसिंग रूम में रखा 10000 रूपये नगद व एक जोड़ी स्केचर कंपनी का 9 नंबर का जूता कीमती करीबन 7000 रूपये, घर के विभिन्न हिस्से में लगा तीन नग सीसीटीवी कैमरा डीवीआर सहित कीमती करीब 30000 रूपये कुल कीमती करीब 2 लाख 50 हजार 500 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

# ऑनलाइन सट्टा खिलाने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार




**कोरबा(विश्व परिवार) ।** बता दें कि श्रीमान् पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यूबीएस चौहान एवं कोरबा पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी सायबर सेल कोरबा को सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में चौकी रजगामार थाना बालको के अपराध क्रमांक 338/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट के प्रकरण में सायबर सेल तथा चौकी रजगामार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सूचना मिली कि रजगामार निवासी अर्पित अग्रवाल नामक व्यक्ति ऑनलाइन सट्टा अपने साथियों के जरिए खिला रहे थे। जिसमें पूर्व में पुलिस टीम द्वारा अम्बिकापुर गांधी चौक वसुंधरा सिटी के पास जाकर दबिश देकर 4 लोगो को ऑनलाइन सट्टा का संचालन करते हुए पकड़ा गया था। वहीं कुछ आरोपी मौके से फरार हो गया थे जिनमें से एक आरोपी अर्पित अग्रवाल को भी पुलिस की टीम ने पकड़कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया और साथ ही साथ उन लोगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपियों जो उनसे एवज़ में कमीशन लिया करते थे उन्हें भी पुलिस ने पड़कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इसी कड़ी में पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना पर एक और फ रार आरोपी अभिषेक जायसवाल को सूचना मिलने पर पुलिस की टीम बनाकर दबिश दिया गया फरार आरोपी अभिषेक जायसवाल का होना पाया गया जिसको विधिवत् गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उनके द्वारा क्रिकेट मैच के दौरान कृष्णा बुक जेट बुक तथा कृष्णा बुक पैनल में अर्पित अग्रवाल एवं उसके अन्य साथियों के साथ मिलकर ऑनलाइन सट्टे का संचालन किया करता था। इसमें आगे भी विवेचना जारी है। प्राप्त बैंक खातों को साइबर सेल के माध्यम से डेबिट फ्रिज कराया गया। आरोपी के विरूद्ध चौकी रजगामार थाना बालको में अपराध 338/24 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07,08 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट का अपराध जाकर विवेचना की जा रही है। उक्त मामले में पुलिस ने पहले आदित्य सिंह चैहान पिता विजय सिंह चैहान उम्र 22 वर्ष साकिन पोडी बहार नीचे मोहल्ला जिला कोरबा, साहिल दास पिता चद्रिका दास उम्र 21 वर्ष साकिन प्रेमनगर रजगामार चौकी रजगामार जिला कोरबा, सुनील सिंह पिता मंगल सिंह उम्र 19 वर्ष साकिन रजगामार सरस्वती चौक चौकी रजगामार जिला कोरबा, अमन जायसवाल पिता विजेद्र जायसावाल उम्र 22 वर्ष साकिन सोनहत ग्राम भैसवार जिला कोरिया, विवेक सिंह पिता प्रदीप सिंह उम्र 21 वर्ष साकिन रजगामार गायत्री नगर नेहरू चौक चौकी रजगामार जिला कोरबा, अर्पित अग्रवाल पिता अजय अग्रवाल उम्र 25 वर्ष निवासी प्रेम नगर राजगामार जिला कोरबा, राहुल यादव पिता भैया राम यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ओमपुर कॉलोनी रजगामार चौकी रजगामार जिला कोरबा, किरण कुमार पिता श्यामलाल उर्फ सोनू यादव उम्र 22 वर्ष निवासी श्याम नगर क्लब के पीछे गली चौकी राजगामार जिला कोरबा तथा निखिल कुर्रे पिता हनुमान कुर्रे उम्र 20 वर्ष साकिन प्रेम नगर राजगामार चौकी राजगामार जिला कोरबा को गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने शुरू किया तिरंगा अभियान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने टीपी नगर कोरबा में नगर के गणमान्य नागरिक लाइंस पीज़ एसज़ चंदेल अखबार वितरकों के समूहों के साथ प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान को सफ्ल बनाने के लिए सभी वितरक सुबह पेपर वितरण के समय घर जाकर नागरिकों को हर घर तिरंगा लगाकर स्वतंत्रता दिवस सम्मान समारोह को सफ्ल बनाने में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ अपना सराहनीय योगदान दे रही है। इस अवसर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा देश के सभी नागरिकों को हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है इस अभियान को सफ्ल बनाने में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसे निभाना है आज से ही 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में अपना योगदान करने का आह्वान किया है।

### प्रेमिका के घर पहुंची पत्नी और साली, हो गई मारपीट

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विवाहित व्यक्ति की विवाहित प्रेमिका के घर उसकी पत्नी और साली आ धमकी। जमकर विवाद के बाद झूमा-झटकी और मारपीट हो गई। मामला थाना पहुंचने पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना अंतर्गत ग्राम लाटा में निवासरत् 33 वर्षीय महिला बर्तन धोने-मांजने का काम करती है। पिछले लगभग तीन वर्षों से उसका ग्राम पेंड्री थाना हसौद निवासी गणेश दास के साथ प्रेम संबंध था। 7 अगस्त को दोपहर करीब 3 बजे गणेश दास की पत्नी पुष्पा महंत और उसकी बहन ने उक्त महिला के घर लाटा आकर घर के सामने गाली-गलौज किया। ऐतराज करने पर हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए बाल पकड़ कर खींचा। पीड़िता ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### छत्तीसगढ़ में पांव पसार रहा स्वाइन फ्लू

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित अपोलो हॉस्पिटल में एक और स्वाइन फ्लू मरीज की मौत होने की खबर सामने आई है. मृतक 66 वर्षीय बुजुर्ग मरीज बिलासपुर शहर से लगे मंगला क्षेत्र का रहने वाला था. पिछले कुछ दिनों से बुजुर्ग का अपोलो अस्पताल बिलासपुर में इलाज चल रहा था, लेकिन शनिवार रात बुजुर्ग की मौत हो गई. छत्तीसगढ़ में इस साल स्वाइन फ्लू से यह तीसरी मौत हुई है। इलाज के दौरान स्वाइन फ्लू मरीज की मौत : जानकारी के मुताबिक, मंगला क्षेत्र के रहने वाले 65 वर्षीय एक बुजुर्ग कुछ दिनों से बीमार चल रहा था. उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी. टेस्ट में स्वाइन फ्लू पॉजिटिव आने के बाद उन्हें बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। प्रदेश में स्वाइन फ्लू से तीसरी मौत : बिलासपुर स्थित अपोलो हॉस्पिटल में ही शुक्रवार 9 अगस्त 2024 को स्वाइन फ्लू के दो मरीजों की मौत हो गई थी. मृतक दोनों महिलाओं में से एक मरीज कोरिया और दूसरी जांजगीर की रहने वाली थी। अलर्ट मोड पर स्वास्थ्य विभाग : स्वाइन फ्लू से तीसरी मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है. स्वास्थ्य विभाग की टीम मृतकों के मुहल्ले में घर-घर सर्वे कर सर्दी-जुकाम, बुखार व खांसी के मरीजों की जांच कर रही है. डॉक्टरों ने सुरक्षा के लिए लोगों को मास्क का उपयोग करने के लिए कहा है।

### बाइक सवार आपस में भिड़े : एक की मौत

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में दो बाइक के बीच जोरदार भिड़त हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोगों का सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उनका इलाज चल रहा हैं। मामला सीपत थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा नयनतारा कॉलेज के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि, बीती रात को अमलीपारा में रहने वाले रामलाल सूर्यवंशी, अश्वनी सूर्यवंशी और सुशीला बाई बिलासपुर से अपने घर की लौट रहे थे। तभी नयनतारा कॉलेज के पास दूसरी ओर से आ रही बाइक से उनकी आमने- सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बिटकुला हरदुली निवासी दीपेश सूर्यवंशी की मौके पर ही मौत हो जाती है। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का सिम्स में चल रहा इलाज : इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही रामलाल सूर्यवंशी की मौत हो गई। वहीं दो लोगों का सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उनका इलाज चल रहा हैं।

# संपादकीय

## दिल्ली में उभरते विवाद..... लोकतंत्र के लिए चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उपराज्यपाल को एमसीडी में दस एल्डरमैन नामित करने के अधिकार को चुनौती दी गई थी। अदालत ने कहा वह (उपराज्यपाल) मंत्रीपरिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं हैं। उपराज्यपाल कार्यालय और दिल्ली सरकार के दरम्यान तनावपूर्ण संबंधों पर असर डालने वाले फैसले में पीठ ने कहा कि 1993 में संशोधित दिल्ली नगर निगम कानून उपराज्यपाल को निगम की विशेष जानकारी रखने वालों को नामित करने का विशेष अधिकार देता है। शक्ति संदर्भ में यह स्पष्ट है कि उपराज्यपाल को कानून के अनुसार काम करना होता है न कि मंत्रीपरिषद की सलाह के अनुसार। यह राज्यपाल का वैधानिक कर्त्तव्य है, न कि राज्य की कार्यकारी शक्ति। एमसीडी में ढाई सौ निर्वाचित और दस नामित सदस्य हैं। दिसम्बर, 2022 में नगर निगम चुनाव में आप ने 134 वार्ड जीत कर भाजपा के पंद्रह साल के शासन को खत्म कर दिया था। आप के वरिष्ठ नेता सांसद संजय सिंह ने इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त की। सिंह ने कहा कि यह चुनी गई सरकार पर एलजी के अधिकारों को तवज्जो देने वाला फैसला है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय कहा। दिल्ली के मुख्यमंत्री समेत कई वरिष्ठ नेता विभिन्न मामलों में इस वक्त जेल में हैं जिससे सरकार के काम-काज में पहले ही खासी दिक्कत आ रही है। दूसरे जब से दिल्ली की सत्ता आम आदमी पार्टी के हाथ आई है, तब से उसकी लगातार केंद्र और उपराज्यपाल से ठनी रहती है। दोनों कई बार पहले भी अदालत की शरण जा चुके हैं। यह कहना गलत नहीं है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार को काम-काज की पूरी छूट होनी चाहिए। इसमें नियमों/कानून की अवहेलना कतई बर्दाश्त नहीं की जा सकती। चूंकि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं प्राप्त है, इसलिए लगातार विवाद उभरते रहते हैं जो लोकतंत्र के लिए चुनौती हैं। अधिकार क्षेत्र या विकास कार्यों को लेकर उठने वाले विवादों के निपटारे के लिए पारदर्शी नियम बनाए जाने की जरूरत है। सरकार को भी अपने फैसलों में एलजी के अधिकारों का अतिक्रमण करने से बचना सीखना होगा। दरअसल, जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, तभी से केंद्र और उसके बीच जब-तब मसले और मामले और विवाद उभरते रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि दोनों तरफ परस्पर विवेकपूर्ण रवैया अपनाया जाए।

# बांग्लादेश के हालात से बहुत संतर्क रहना

**अशोक मधुप**

सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा। बांग्लादेश में महीनों से सुलग रही आरक्षण और सरकार विरोधी चिंगारी सोमवार को भीषण आग के रूप में फूटी। 300 लोगों की मौत के बाद सेना भी उग्र भीड़ को संभाल नहीं पाई। नतीजतन करीब डेढ़ दशक से बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज प्रधानमंत्री शेख हसीना को जान बचाकर देश से भागना पड़ा है। शेख हसीना भागकर फ्लिहाल भारत आई हैं। सूत्रों का कहना है कि शेख हसीना लंदन जाने की तैयारी कर रही हैं। शेख हसीना ने इंग्लैंड की सरकार से शरण मांगी है। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन जारी है। अब प्रदर्शनकारियों ने देश के चीफऑफजस्टिस के घर में घुसकर तोड़-फोड़ की है। प्रदर्शनकारियों ने घर में मौजूद कार, फर्नीचर के साथ घर का सारा समान लूट ले गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में इंडिया कल्चर सेंटर पर हमला बोला। साथ ही काली व इस्कॉन समेत देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक डरे और सहमें हैं। वहां क्या हालात बनेंगे? वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कैसे होगी, इस पर भारत को नजर रखनी होगी। ये भी देखना है कि सरकार कैसी बनता है? उसका भारत के प्रति नजरिया कैसा होगा? नई सरकार कहीं इस्लामिक कट्टरवाद को बढ़ावा तो नही देगी। उसका रूख पाकिस्तान और चीन संमर्थक तो नहीं होगा? भारत को अपने देश की सीमा को पूरी तरह बंद रखना होगा, ताकि वहां के हालात से डरे नागरिक अपने भारत में न आ सकें। 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारियों के परिवारों को सरकारी नौकरियों में दिए जा रहे आरक्षण को खत्म करने की मांग के साथ पिछले महीने विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ।



बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर पहले ही अंतरिम रोक लगा दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रदर्शनकारी आखिर फिर से इतने हिंसक होकर सड़कों पर क्यों उतर आए। असल में हिंसा की यह नई लहर तब शुरू हुई जब प्रदर्शनकारियों ने असहयोग का आह्वान किया। इसमें लोगों से कर या बिजली बिल का भुगतान न करने और रविवार को काम पर न आने का आग्रह किया गया। सोमवार को जब कार्यालय, बैंक और कारखाने खुले, तो प्रदर्शनकारियों ने लोगों को काम पर जाने से रोकना शुरू कर दिया। सेना ने प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए गोलियां चलानी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने एक दिन पहले लगाए गए कर्फ्यू की परवाह किए बिना ढाका में प्रधानमंत्री आवास पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने ढाका के शाहबाग इलाके में स्थित एक प्रमुख सार्वजनिक अस्पताल बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी पर हमला किया है। प्रदर्शनकारियों ने जगह-जगह सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों व वाहनों में भी आग लगा दी। इसे भी पढ़ें: इस्लामिक देशों की अशांति से भारत को क्या सबक लेना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने इस बयान के बाद, 'तुई के, अमी के रजाकार, रजाकार' के नारे लगाने शुरू कर दिए और हिंसा ज्यादा भड़क गई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा गठित रजाकार क्रूर अर्धसैनिक बल था। रजाकारों ने मुक्ति संग्राम में शामिल स्वतंत्रता सेनानियों और आम लोगों के खिलाफ अत्याचार किया। आज भी यह शब्द वहां अपमानजनक माना जाता है। इसका इस्तेमाल देशद्रोहियों और अत्याचारियों के लिए किया जाता है। बांग्लादेश में उथल-पुथल व तख्तापलट का इतिहास 1975 से शुरू होता है।हसीना के पिता और देश के पहले प्रधानमंत्री शेख मुजीबुर रहमान की उनके परिवार के ज्यादातर सदस्यों की हत्या कर दी गई। जनरल जियाउर रहमान ने सत्ता पर कब्जा किया। 1981 गेस्ट हाउस में घुसकर विद्रोहियों ने जियाउर रहमान की हत्या की। हालांकि, सेना का बड़ा तबका वफादार होने से तख्तापलट नाकाम रहा। 1982 रहमान के उत्तराधिकारी अब्दुस सत्तार को हुसैन मुहम्मद इरशाद के नेतृत्व में सत्ता से बेदखल कर दिया गया। इरशाद राष्ट्रपति बन गए। 2007 सेना प्रमुख ने एक कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया, जो 2009 तक सत्ता पर काबिज रही। 2009 अर्धसैनिक बलों का विद्रोह.. में 70 लोगों की हत्या, इनमें से अधिकांश सैन्य अधिकारी थे।2012 सेना ने कहा, शरिया या इस्लामी कानून से प्रेरित तख्तापलट के प्रयास को विफल कर दिया है। स्पष्टतौर पर बांग्लादेश में सुलग रही हिंसा के केंद्र में आरक्षण है। बांग्लादेश की जनसंख्या17 करोड़ है और देश में लगभग 3.2 करोड़ युवा बेरोजगार हैं।1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में शामिल लोगों के वंशजों को मिल रहे आरक्षण को खत्म करने के लिए छात्र मांग कर रहे हैं। इसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में शामिल रहे लोगों के वंशजों को 30 फीसदी आरक्षण दिया जाता है। 10 फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए भी है। अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर पांच प्रतिशत व विकलांगों को एक फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। पिछड़े जिलों में रहने वालों को 10 प्रतिशत आरक्षण मिलता है।बांग्लादेश में बेरोजगारी से परेशान युवक इस आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार, हसीना के रिश्ते में बहनोई हैं। सेना प्रमुख जनरल वकार वहां सबसे अहम चेहरा बनकर सामने आए हैं। उन्होंने ही शेख हसीना के देश छोड़कर जाने और इस्तीफे का एलान किया। 20 दिसंबर, 1985 को बांग्लादेश की सेना में शामिल हुए जनरल वकार की छवि एक बेहद अनुशासित अधिकारी की रही है। जानकारों का मानना है कि हसीना का बांग्लादेश छोड़कर जाना और वकार का कमान संभालना एक सोचा-समझा निर्णय है। शेख हसीना के देश छोडने के बाद देश के सेना प्रमुख ने कहा है कि वो सभी से बातचीत करके देश में अंतरिम सरकार बनवाएंगे! बांग्लादेश में तख्तापलट से पहले सत्तारूढ़ रही आवामी लीग पार्टी ने आरोप लगाया है कि देशव्यापी हिंसक प्रदर्शन के पीछे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का हाथ है। आवामी लीग के मुताबिक आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग दिखाती है कि विरोध-प्रदर्शनों के पीछे असल में छात्र नहीं, देश के मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल- बीएनपी और प्रतिबंधित संगठन-जमात-ए-इस्लामी की रणनीति है।

# आलेख

## बांग्लादेश में अमेरिका के रणनीतिक हित स्पष्ट

**डॉ. दिलीप चौबे**

बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत को राजनीतिक और रणनीतिक रूप से बहुत धक्का लगा है। इस नुकसान की निकट भविष्य में भरपाई हो पाएगी ऐसी संभावना नहीं लगती। भारत के लिए यह भी अफसोस की बात है कि जिस देश के निर्माण में उसने निर्णायक भूमिका निभाई थी वह फिर गुलामी की सुरंग में प्रवेश कर रहा है। यह विडम्बना है कि बांग्लादेश के नये हुक्मरान इसे दूसरी आजादी की संज्ञा दे रहे हैं। बांग्लादेश में राष्ट्रपिता शेख मुजिबुर रहमान की प्रतिमाओं को तोड़े जाने का दृश्य भारत के लोगों के लिए भी हृदयविदारक है। यह विचारणीय है कि बांग्लादेश का युवा वर्ग इतना गुमराह कैसे हो गया कि वह 1971 की आजादी की विरासत भी भूल गया। कहने के लिए युवा वर्ग के आंदोलन का नेतृत्व स्वतंत्रता प्रेमी और प्रगतिशील छात्र नेता कर रहे थे। वे शेख हसीना के कथित निरंकुश शासन से छुटकारा पाने और वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना के लिए सड़कों पर उतरे थे। लेकिन हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों से इस आंदोलन का भयावह चेहरा उजागर हुआ है। बांग्लादेश की चर्चित लेखिका और भारत में निर्वासन का जीवन जी रही तसलीमा नसरीन ने घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। तसलीमा को शेख हसीना के शासनकाल में देश छोड़ने पर मजबूर किया गया था। तस्लीमा शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद दिल्ली आने को नियती का न्याय मान रही हैं। लेकिन इस व्यक्तिगत नाराजगी से अलग होकर वह लोकतंत्र और मजहबी विचारधारा के अंतर्विरोधों का भी जिक्र करती हैं। उनके अनुसार 'मुस्लिम समाज जब अल्पसंख्यक होता है तो वह लोकतंत्र चाहता है, लेकिन बहुसंख्यक होता है तो वह इस्लामी राज्य की मांग करता है।' शेख हसीना ने अपने शासनकाल में इसी अंतविरेध को दूर करने की कोशिश की थी। वह एक लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष रूप में देश को विकास के रास्ते पर ले जा रही थीं। इतना ही नहीं विदेश मामलों में वह स्वतंत्र विदेश नीति को अनुसरण करने की कोशिश कर रही थीं। अपनी इन नीतियों के समर्थन में घरेलू स्तर पर वह जनसमर्थन को संगठित करने में कामयब नहीं हो सकीं। बांग्लादेश में विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी का गठजोड़ कायम रहा। इन्हीं हालात में अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की मुहिम को हवा दी। मुखौटे के रूप में छात्रों और नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को सामने लाया गया। बांग्लादेश में अमेरिका के रणनीतिक हित स्पष्ट हैं।वह हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन की नाकाबंदी करना चाहता है। उसने इसी क्रम में भारत को शामिल करने के लिए क्वाड की स्थापना की थी, लेकिन हाल के वर्षो में स्पष्ट हो गया कि भारत दादागिरी के इस खेल में एक पक्ष बनने के लिए तैयार नहीं है। नये हालात में अमेरिका ने वैकल्पिक उपाय के रूप में ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ सैन्य गुट 'ऑक्स' की स्थापना की। साथ ही जापान, द. कोरिया और फिलिपींस के साथ गठजोड़ को मजबूत बनाया। केवल बंगाल की खाड़ी का विस्तृत इलाका खाली पड़ा था। इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक दखल को बढ़ाने के लिए अमेरिका ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन में भूमिका निभाई। सवाल यह है कि शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग का क्या भविष्य है। फिलहाल अमेरिका की कोशिश यह होगी कि बांग्लादेश में लोकतंत्र का स्वांग रचाया जाए। साथ ही शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी को हर हाल में रोका जाए। अवामी लीग में वैकल्पिक नेतृत्व कायम किया जाए जो अमेरिकी हितों का ध्यान रखे। भारत ने 1971 में अमेरिका के 7वें नौसैनिक बेड़े को धता बताते हुए बांग्लादेश को आजाद कराया था। आधी सदी बाद क्या भारत फिर ऐसी भूमिका निभाएगा? भारत अपने बलबूते शायद ऐसा करने की स्थिति में नहीं है। उसे इस चुनौती का सामना करने के लिए रूस, चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों का सहयोग हासिल करना होगा। केवल ऐसा व्यापक गठजोड़ ही बंगाल की खाड़ी और हिन्द महासागर को सुरक्षित रख सकता है। केवल इससे पूर्वोत्तर में शांति, स्थिरता तथा भारत के रणनीतिक हितों की सुरक्षा भी संभव है।

# जीन एडिटिंग तकनीकी और जीएम फसल अलग नहीं

**पंकज चतुर्वेदी**

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जेनेटेकली मोडिफाइड अर्थात जीएम सरसों की भारत में व्यावसायिक खेती करने की सरकारी मंजूरी के खिलाफ याचिका पर खंडित फैसला दिया।

जस्टिस बीवी नागरत्ना का आकलन था कि जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीईएसी) की 18-25 अक्टूबर, 2022 को संपन्न जिस बैठक में इसकी मंजूरी दी गई, वह दोषपूर्ण थी क्योंकि उस बैठक में स्वास्थ्य विभाग का कोई सदस्य नहीं था और कुल आठ सदस्य अनुपस्थित थे। जस्टिस संजय करोल का मानना था कि जीईएसी के फैसले में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने जीएम सरसों फसल को सख्त सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए पर्यावरण में छोड़ने की बात जरूर की।

हालांकि, दोनों न्यायाधीश इस बात पर एकमत थे कि केंद्र सरकार को आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार चाहिए। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के सामने जाएगा। वैसे जीईएसी आनुवंशिक रूप से जीएम फसलों के लिए देश की नियामक संस्था है। लेकिन दो जजों की पीठ ने सुझाव दिया है कि चार महीने के भीतर केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय जीएम फसल के सभी पक्षों, जिनमें कृषि विशेषज्ञों, जैव प्रौद्योगिकीविद्, राज्य सरकारों और किसान प्रतिनिधियों सहित हितधारक शामिल हों, के परामर्श से जीएम फसलों पर राष्ट्रीय नीति तैयार करे।

किसी से छुपा नहीं है कि भारत में खाद्य तेल की जबरदस्त मांग है लेकिन 2021-22 में 116.5 लाख टन खाद्य तेलों का उत्पादन करने के बावजूद भारत को 141.93 लाख टन का आयात करना पड़ा। अनुमान है कि 2025-26 में यह मांग 34 मिलियन टन तक पहुंच जाएगी। हमारे खाद्य तेल के बाजार में सरसों के तेल की भागीदारी कोई 40 फीसद है। ऐसा दावा किया गया कि यदि सरसों उत्पादन में जीएम बीज का इस्तेमाल करेंगे तो फसल 27 प्रतिशत अधिक होगी जिससे तेल की आयात का खर्च काम होगा।

हालांकि यह तो सोचना होगा कि 1995 तक देश में खाद्य तेल की कोई कमी नहीं थी। फिर बड़ी कंपनियां इस बाजार में आई। उधर आयात कर काम किया गया और तेल का स्थानीय बाजार बिल्कुल बैठ गया। दावा यह भी है कि इस तरह के बीज से पारंपरिक किस्मों की तुलना में कम पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है, और मुनाफा अधिक।

लेकिन जीएम फसलों खासकर कपास को लेकर हमारे पिछले अनुभव बताते हैं कि ऐसे बीजों की दूरगामी परिणाम खेती और पर्यावरण, दोनों के लिए भयावह हैं। समझना होगा कि जीएम फसलों को उत्पाद के मूल जीन को कृत्रिम रूप से संशोधित किया जाता है। इसके लिए आम तौर पर किसी अन्य जीव से आनुवंशिक सामग्री डाली जाती है जिससे उन्हें नये गुण दिए जा सकें।

ये गुण अधिक उपज, खरपतवार कम करने, किसी कीट से लगने वाली बीमारी और कम पानी या फिर बेहतर पोषक तत्व आदि हो सकते हैं। देश में अभी तक कानूनी रूप से केवल बीटी कपास एकमात्र जीएम स्वीकृत फसल है। बीते 17 सालों में कपास की बीज दावों पर खरे उतरे नहीं। बीटी बीज देशी बीज की तुलना में बहुत महंगा है और दावे के विपरीत इसमें कीटनाशक का इस्तेमाल करना ही पड़ा। फसल तो ज्यादा हुई नहीं, लेकिन अब हर साल बीज बाजार से खरीदने की मजबूरी हो गई। विकसित देश बानगी हैं कि इस तरह के बीजों से खेतों की उर्वर क्षमता कम हुई है। पौष्टिक तत्व भी कम हुए हैं।

दुनिया भर में कहीं भी बीटी फसल को खाद्य पदार्थ के रूप में मंजूरी नहीं मिली है। यूरोप में भी इस पर सख्त पाबंदी है। ऐसे में भारत में लोकप्रिय और आम आदमी के इस्तेमाल वाले सरसों के तेल के लिए बीटी पर मंजूरी संदेह पैदा करती है। समझना होगा कि इस तरह के बीजों से उत्पन्न सरसों के फूल मधुमक्खियों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। मधुमक्खियां शहद के लिए ज्यादातर रस सरसों के फूलों से ही प्राप्त करती हैं। सरसों की खेती में इस तरह के बीजों से उत्पन्न फूलों में मधुमक्खियों को परागण तो मिलेगा नहीं, उलटे कुछ जानलेवा कीट की वे शिकार हो जाएंगी।

समझ लें कि जीएम बीज हमारे पारंपरिक बीजों के अस्तित्व के लिए खतरा हैं, और अब बदले हुए नाम से जीएम फसलों के लिए बैंगन-टमाटर आदि के लिए पिछले रास्ते से घुसाया जा रहा है।

केंद्र सरकार कोई दो साल पहले जीनोम एडिटेड टेक्नोलॉजी का उपयोग कर नई फसल प्रजातियां विकसित करने के शोध को मंजूरी दे चुकी है। जीनोम एडिटेड प्लांट्स की एसडीएन-1 और एसडीएन-2 श्रेणियों के नियमन की समीक्षा (रेग्युलेटरी रिव्यू) के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर्स (एसओपी) को 4 अक्तूबर, 2022 को अधिसूचित किया जा चुका है। इसमें बेहद चालाकी के साथ जीएम के नाम पर जीन एडिटिंग तकनीक शब्द का इस्तेमाल किया गया है। वैसे यूरोपीय यूनियन में अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि जीन एडिटिंग तकनीकी और जीएम फसल अलग नहीं हैं। जाहिर है कि अदालतें जब जीएम बीजों पर कोई फैसला देंगी तो उसी समय जीनोम एडिटेड प्लांट्स के नाम से ये बीज बाजार में घूम रहे होंगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार गठित होने वाली कमेटी में नई तकनीक को युरोपियन यूनियन की तरह जीएम मानना होगा।

# पडोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता

**ललित गर्ग**

हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत के पडोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा? इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में



एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है। हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था। मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौरे से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है। भारतीय उपमहाद्वीप के मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान और श्रीलंका के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को दुनिया चुपचाप सब देख रही है, वहीं भारत इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिगंबर जैन महिला मंडल मालवीय रोड मंदिर की नई महिला मंडल समिति का गठन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिगंबर जैन महिला मंडल मालवीय रोड बड़ा मंदिर की महिला मंडल की नई कमिटी का गठन हो गया है। ज्ञात हो की बीते सोमवार को विद्यासागर हाल में श्री दिगम्बर जैन महिला मंडल की बैठक आहूत की गई थी, जिसमे नई कमिटी का गठन किया गया। बैठक में आपसी सहमति एवं महिला मंडल की संरक्षिकागण के मार्गदर्शन में कमिटी बनाई गई। जिसमें आगामी दो वर्षों के कार्यकाल हेतु श्री दिगम्बर जैन महिला मंडल मालवीय रोड के नई अध्यक्ष के रूप में सरिता सुनील जैन के नाम पर मुहर लगी, साथ ही सपना संजय जैन सचिव और रेखा रमेश जैन कोषाध्यक्ष चुनी गई।

### नरेन्द्राचार्य जी महाराज के मुखारविंद से एक दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम रायपुर में आज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जगद्गुरू श्री स्वामी नरेंद्रचार्य जी महाराज देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व मे साल भर भ्रमण कर अपने अमृत



वाणी से प्रवचन कर मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं। भक्तों की समस्याओं का मार्गदर्शन करते हैं। इसी कड़ी में अनंत श्री विभूषित जगद्गुरू रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेन्द्राचार्य जी महाराज का एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम आज निरंजन धर्मशाला, होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल के बाजू में, वी.आई.पी. रोड, रायपुर में आयोजित है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर सायं 5 बजे समाप्त होगा। इस कार्यक्रम में जगद्गुरू श्री के मुखारविन्द से दिव्य प्रवचन किया जावेगा। तत्पश्चात् जगद्गुरू श्री द्वारा हजारों भक्तों की समस्याओं के समाधान हेतु मार्गदर्शन दिया जावेगा। इस दिव्य भव्य आयोजन में सहभागी बनकर पुण्य अर्जित करने का यह स्वर्ण अवसर है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है समस्या मार्गदर्शन पर्ची आज सुबह 7 से 8 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल पर मिलेगी।

### जिला प्रशासन द्वारा आयोजित हर घर तिंरगा कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने दी देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित हर घर तिंरगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप भी शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, पार्षदगण एवं समस्त जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम श्री हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी गणमान्य नागरिक की गरिमामयी उपस्थिति में टाउन हॉल में किया गया। हर घर तिंरगा कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान में सांसद, जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर ने हस्ताक्षर किए। रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया था उनके विजेताओं का प्रस्तुति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने दी देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी, अन्य लोगों ने देशभक्ति गीत से कार्यक्रम में प्रस्तुति दी इसके अलावा रायपुर के अनुराग शर्मा ग्रुप द्वारा प्रस्तुति दी गई।

## नांदणी में आचार्य श्री विमर्श सागर जी ससंघ के दीक्षार्थी भैया और बहनों ने आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज से लिया मंगल आशीर्वाद

**भ. पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया**

**कोल्हापूर ( विश्व परिवार )।** नांदणी मठ में 11 अगस्त 2024 रविवार को 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का 2800 वां मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्षकल्याणक दिवस यानी मोक्ष सप्तमी के अवसर पर नांदणी के स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी और देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे जैन अनुयायियों ने श्रद्धा भाव से नांदणी जिनसेन मठ में पारसनाथ प्रभू के रजत प्रतिमा पर पंचामृत अभिषेक किया।





दिगंबराचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज जी के दर्शन के लिए नांदणी मठ में प्रतिदिन जैन अनुयायियों की भीड़ उमड़ती है। दिगंबराचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज जी के दर्शन करके श्रद्धालुओं के जयकारा से नांदणी का पूरा मठ गूंज रहा था।

आचार्य विमर्श सागर जी महाराज जी का चातुर्मास राजधानी दिल्ली में शुरु है। आचार्य विमर्श सागर जी महाराज ससंघ दिक्षार्थी भैया और दीदी ने नांदणी (महाराष्ट्र) में आचार्य विशुद्ध सागर जी का दर्शन करके आचार्य श्री से मंगल आशीर्वाद लिया। आचार्य विमर्श सागर जी जी ससंघ दिक्षार्थी भैया और दीदी की गोद भराई नांदणी महाराष्ट्र में संपन्न हुई।

आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा की, आज सभी के मन में गुरू का आभाव तो खलता ही है। आज ये सभी दिक्षार्थी भाई और दीदी भी नांदणी आने से पहले औरंगाबाद पहुचते और गणाचार्य विराग सागर जी महाराज जी के पास जाकर दर्शन करके आशीर्वाद लेते। लेकिन गणाचार्य विराग सागर जी महाराज जी की सल्लेखना पूर्वक समाधी महिनो पूर्व हुई है। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी ने सभी दिक्षार्थी भैया और बहनो से कहा की, आप लोग दिक्षा लो, अच्छी शिक्षा प्राप्त करना और बहनो आप ब्राम्ही और सुंदरी जैसी जगत में जगत का कल्याण करना और स्व का कल्याण करना।

वर्तमान में ज्ञान के क्षेत्र में सुपार्श्वमती, ज्ञानमती, विशुद्धमती, विजयमती जैसे आर्यीकाओं में जिनमती अम्मा हुई है जिन्होने बडे बडे ग्रंथो पर काम किये है।

आप सभी आचार्य विमर्श सागर जी से गंभीर अध्ययन करके निर्दोष चर्या का पालन करके इस स्त्री पर्याय का भेद करके आजिनशासन का उदबोधन करना, प्रभावना करना और जिनधर्म की भागडोर आगे बढाना है यही आशीर्वाद। गुरू आज्ञा से दूर मत चलना। जो गुरू आज्ञा हो अरहंत आज्ञा है वही तुम्हारा मुख्य धर्म है। अपने रत्नत्रय का पालन करना और आचार्य विमल सागर जी के आज्ञा में रहना। यदि आचार्य श्री विमल सागर जी तुम्हे कही भेजे तो चले जाना और नहीं भेजे तो संघ में रहना, लेकिन अपने मन से जाने का भाव नहीं बनाना। जीवन में सबसे बडी तपस्या है बडो के साथ रहना सरल है। छोटो के साथ रहना तो और सरल है पर बराबर के साथ रहना बहोत ही कठीण है। इसलिए ये तुम्हारे जीवन की बहुत बडी तपस्या होगी।

जितनी कोमल पिच्छी है, उतने कोमल परिणाम रहेंगे। सभी मुनीराजों से आचार्य विशुद्ध सागर जी ने कहा की आचार्य विराग सागर महाराज जी सल्लेख ना पूर्वक समाधी कर गये है। हम सभी को भी अंतिम निर्णय वही करना है की ऐसे ही श्रेष्ठ समाधी करके जाना है।

आप सबका यह मोक्षमार्ग मंगल हो, प्रशस्त हो, कल्याणकारी हो और जो वत्सल्य भाव पुरे देश में, चाहे दक्षिण से उत्तर चले जाओ कही भी जाओ एक एक बच्चा बच्चा बोलता है की वात्सल्य देखना है तो विमलसागर जी के पास देखना। प मोक्ष को जाओगे ही जाओगे। इससे पहले आप दिक्षा लेने जा रहे हो तो आगम कह रहा है की आपका दायित्व है की स्व कल्याण तो करना ही है।

**–अभिषेक अशोक पाटील**

## यदि रोने से कम होता है गम, तो बेशक रो-लो, किंतु मुस्कराकर जीने वालों को सुखी मत समझ लेना : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** यदि रोने से कम होता है गम, तो बेशक रो–लो तुम, किंतु मुस्कराकर जीने वालों को सुखी मत समझ लेना, उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के संघस्थ मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज ने प्रात:काल मोहताभवन मे व्यक्त किये,



उन्होंने कहा मुस्कराते हुये लोगों को देखकर आप यह मत समझ लैना कि वह सुखी है, उन्होंनेने सत्य को उदघाटित करते हुये कहा कि चकृवर्ती की संपत्ति भी जिनधर्म के सामने कुछ भी नहीं आस्था वह दौलत है जिसके कारण हमारा जीवन सुखी बनता है धर्म की परिभाषा बताते हुये कहा कि जो हमें दु:ख से उठाकर सुख देता है वह धर्म है सुख उसे कहते है जो प्राप्त होकर पुन्हा नष्ट न हो उन्होंने पूंछा कि अच्छा सच सच बताओ कि घर गृहस्थी बसाने में सुख है या मोक्षमार्ग में? जबाब मिला कि मोक्षमार्ग में तो मुनि श्री ने कहा कि आ जाओ फिर हमारे साथ उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों को इन्द्रिय सुख बहूत अच्छा लगता है, जो कि क्षणभंगुर है, जबकि मोक्ष सुख स्थाई फिर भी उस क्षणभंगुर सुख के लिये देख लो लाईन लगी पड़ी है।उन्होंने कहा कि जैसे गुलाबजामुन बनाने में कितनी महनत लगती है, और खाने में कितना समय? आचार्य श्री ने लिखा है हल्का लगता घट जब तक जल में होय, दु:ख भी सुख सा लगता आत्मज्ञान जो होय इस अवसर पर मुनि श्री संधान सागर जी महाराज ने कहा सभी मातापिता अपने बच्चों को बड़ा आदमी बनाना चाहते है, लेकिन भला आदमी नहीं बनाना चाहते। भला बनाओगे तभी लाभ होगा आचार्य श्री ने मूकमाटी मे लिखा है भला का विलोम लाभ उन्होंने कहा कि हमारे पास हाथी जैसा बलनही, शेर जैसी शक्ती नहीं चिड़िया जैसी उड़ान नहीं फिर भी हम महान कहलाते है क्यों कि हमारे पास मन है, जिससे हम शेर को भी पिंजडे में बंद कर देते है हाथी पर भी अंकुश लगा सकते है, चिड़िया जैसी उड़ान भर सकते है, मन ही मन को जानता, मन ही मन का मीत मन के हारे हार है, मन के जीते जीत उन्होंने कहा कि मन मिला है तो किसी को भी मन का घाव मत करो मन का सही सही उपयोग करो, इसी मन से आप मोक्ष की यात्रा कर सकते हो और इसी मन से आप नीचे नरक निगोद की यात्रा कर सकते हो आचार्य श्री हमेशा कहते थे कि मन का काम मत करो, मन से काम लो% मन की सुनना नहीं, मन जब इधर उधर भटके तो मन को मारोमन को रोको और मन को अपने बश में करो जब तक आप मन के प्रति निर्दयी नहीं बनोगे तब तक यह मन आपकी मानने बाला नहीं उपरोक्त जानकारी देते हुये धर्म प्रभावना समिति प्रवक्ता अविनाश जैन तथा मीडिया प्रभारी राहुल जैन स्पोर्ट्स ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को प्रात: सभी जैन मंदिरों से बाहन रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा मोहता भवन रैसकोर्स रोड़ पर पहुंचेगे तथा गुरुदेव के संघ सानिध्य में तिरंगा शोभायात्रा के साथ अभय प्रशाल में 8:30 बजे मुनि श्री राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित करेंगे। देशना के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 10 बजे मुनिसंघ के सानिध्य में ध्वजारोहण होगा, इसी के साथ 16–17–18 अगस्त को प्रात:6:30 बजे से8:30 बजे तक विश्वप्रसिद्ध दो घंटे का वृहद भावनायोग जो कि तन को स्वस्थ मन को मस्त तथा आत्मा को निरोग बनाने का विशेष कार्यक्रम रहेगा। भावनायोग के अनुभवों से आम जन मानस को रोबरु कराया जाऐगा 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व वात्सल्य दिवस के रुप में मनाया जाऐगा **–अविनाश जैन**

## भतिक सुखों की कामना से यदि आप मंदिर गये तो यह भगवान की आज्ञा का उलंघन है : मुनिश्री नियमसागर जी महाराज

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** भतिक सुखों की कामना से यदि आप मंदिर गये तो यह भगवान की आज्ञा का उलंघन है उपरोक्त उद्गार निर्यापक श्रमण मुनिश्री नियमसागर जी महाराज ने प्रात:कालीन प्रवचन सभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जंहा शुभइच्छाऐं आत्मोन्नति का कारण बनती है, वंही अशुभ इच्छायें आत्मा को पतन की ओर ले जाती है उन्होंने कहा कि 8 कर्मो में एक मोहनीय कर्म भी है, जो हमेशा आपको परेशान करता है यह कर्म हमारे आपके कर्म की बजह से ही आया है जो हमारी बुद्धि को उल्टा कर देता है, असत्य को सत्य और सत्य को असत्य स्वीकार करा देता है, मुनि श्री ने कहा कि यदि हम जाग्रत होते तो असत्य को अपना मार्ग नहीं बनाते भौतिक सुखों की इच्छा से यदि आप मंदिर गये तो यह भगवान की आज्ञा का उलंघन है परमात्मा कभी किसी का कर्ता नहीं बना अज्ञानी ही मांगता है ज्ञानी कभी मांगता ही नहीं कहा भी है बिन मांगे मोती मिले भगवान की कृपा से आपका भला नहीं होगा भगवान की पूजा अभिषेक करने से आपके परिणामों की निर्मलता से आपका भला होता है। कुछ लोगों की मान्यता है कि ऊपरवाला पासा फैके नीचे चलते दाव इससे तो यह सिद्ध होगा कि ऊपर बाला परमात्मा ही हमसे उल्टे सीधे सभी कार्य करबा रहा है यह एक अज्ञान दशा कहलायेगी मुनि श्री ने कहा कि भगवान की शांतिधारा की बोली ली और शांतिधारा में नाम छूट गया क्या बह दिन व्यर्थ हो गया? मुनि श्री ने कहा कि समस्या रहित जीवन जिओ अपने आपके कर्ताधर्ता आप स्वं हो भगवान नहीं यह जिनेन्द्र भगवान की बाणी है, इसे लोगों के अनुसार मत सुनो जैसा जिनेन्द्र भगवान ने कहा है उस अनुसार सुनो और उनकी आज्ञा का पालन करो तभी आप अपनी आत्मा का भला कर सम्यक् दृष्टी बन सकते है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया 15 अगस्त को शीतलधाम में प्रात:10–15 बजे ध्वजारोहण किया जाऐगा। श्री शीतल विहार न्यास ट्रस्ट श्री सकल दि. जैन समाज एवं चातुर्मास समिति के सभी पदाधिकारियों ने सभी से पधारने का अनुरोध किया है। **–अविनाश जैन**

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

**जबलपुर ( विश्व परिवार )।** सर्वाधिक दम्पति सदस्य वाले दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर का 19वां स्थापना दिवस समारोह 12 अगस्त सोमवार की शाम 7 बजे, नगर के प्रमुख शहीद स्मारक प्रेक्षाग्रह, गोलबाजार में मुख्य अतिथि डॉ.अभिलाष जी पांडे जी, विधायक, उत्तर मध्य जबलपुर, उज्जैन से पधारे विशिष्ट अतिथि, देवेंद्र जी कांसल, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन एवं रीजन प्रभारी महाकोशल विंध्य रीजन, विशिष्ट अतिथि, इंदौर से पधारे राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, सुशील जी पांड्या, अध्यक्षता जैन पंचायत सभा के महामंत्री अनिल जैन गुड्डा जी, विशिष्ट अतिथि, पूर्व मुख्य न्यायाधिपति उ.प्र. प्रीतिंकर दिवाकर, श्रीमती साधना जैन के आथित्य में, नगर ग्रुप द्वारा सस्वर मंगलाचरण व मंगलाचरण नृत्य श्रीमती अंजली, श्रीमती प्रियंका, श्रीमती शिखा, श्रीमती रिंकी, श्रीमती गरिमा, श्रीमती सपना, श्रीमती सोना, के साथ शुरु हुआ आगत अथिति के सम्मान में स्वागत नृत्य, कुमारी ओमिषा, कुमारी ईवा, कुमारी अविका, कुमारी श्रुति द्वारा किया गया इसके साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व दीप प्रज्वलन गायन के बीच स्वर कोकिला श्रीमती साधना जैन के सुमधुर गायन से हुई, संस्थापक अध्यक्ष, अजीत नायक द्वारा संस्था के स्थापना से अभी तक के 19 वर्षो के सफर का चित्र खींचा, वही गम्भीर स्वरों में अध्यक्ष ष्ट मनोज साधना जैन ने अध्यक्षीय संबोधन देते हुए संस्था का परिचय करते हुए कार्यक्रम के प्रारम्भ की घोषणा कर दी, एवं मंच संचालक द्वय पंकज व प्रतिभा जैन को मंच सौप दिया, जिन्होंने खूबसूरत तरीके से आगत अतिथियों का परिचय देकर, मंचासीन करवा कर, शाल श्रीफल व सम्मानपत्र से ग्रुप संरक्षक, सुधीर लक्ष्मी, प्रदीप बेटियां, संजय चौधरी, अखिलेश, प्रफुल्ल, अजय, शरद, सोनू, सनद, अतुल, अभिषेक, पराग, नितिन, विनोद, अजयनिवेदिता, सुशीलबाजा, मनीष, आशीष से अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के संचालन का भार यंग



टीन एजर, गर्व जैन एवं स्तुति जैन के नवोदित हाथों में को सौप दिया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुति :** फिर क्या था, शुरु हो गई हुई विभिन्न प्रदेशों के लोक संस्कृतियों पर आधारित एक से एक प्रस्तुतियां जिसे ग्रुप की घरेलू महिलाओं ने अपने घर परिवार के कार्यो के बीच समय निकाल कर प्रस्तुत किया, कालजयी गीता के उपदेश देने वाले, कन्हा से प्रेरित कृष्ण को अर्पित रासलीला का मंचन हुआ जिसे, नितिन सोनल ड्योढिया, हर्ष करिश्मा चौधरी, मोहित अनुश्री जैन (पारस), अभिनव पूर्णिमा जैन, निशांत पलक जैन ने कुछ इस तरह प्रस्तुत किया मानो प्रेक्षागृह के दर्शक मथुरा–व्रन्दावन पहुँच कर डांडिया रास का हिस्सा बन गए इस प्रस्तुति का खूब सराहना मिली इसी तरह अनाथ बच्चों के ऊपर होते दुर्व्यवहार एवं गोद लेने के हृदयस्पर्शी प्रसंग पर आधारित

बेहद मर्म स्पर्शी प्रस्तुति लेकर बच्चे आ गए उन्होंने अनाथ बच्चों को अपनाएँ जाने (Adopted kids orphanage) पर आधारित दिल को छू लेने वाली प्रस्तुति को नन्हें बच्चों ओजस, रिशिता, अर्णव, आर्या, पाखी, आरना, वंश, सम्यक, मान्या, आदी, अस्वनी ने कुछ इस तरह प्रस्तुत किया कि खचाखच भरे हाल के दर्शकों में बैठी महिलायों बच्चियों की आँखे भींग गई। इस सन्देशनात्मक प्रस्तुति को दर्शकों की खूब सराहना मिली।

पुराने सदाबहार फिल्मी गीत पर आधारित ओल्ड इज गोल्ड का मंचन ने दर्शकों को 60th के दशक की याद दिलवा दी, श्रीमती अनुपमा, श्रीमती डॉ.चंद्रा चौधरी श्रीमती स्नेह, श्रीमती अंजू, श्रीमती आभा, श्रीमती निवेदिता, श्रीमती छाया द्वारा झुमका गिर गया .......ओठो पर ऐसी बात..... इस बीच बरसात के मौसम आधारित, श्रीमती राखी, श्रीमती श्रद्धा, श्रीमती मोना, श्रीमती सपना, श्रीमती कविता, श्रीमती नीति, श्रीमती अनामिका, श्रीमती दीपा ने रंगबिरंगे छातो के साथ वह दृश्य उपस्थित किया मानो प्रेक्षागृह में बरसात आ गई हो, तभी वर्तमान की आवश्यकता नारी शक्ति को प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीमती ऋतु, श्रीमती स्मिता, श्रीमती नेहा, श्रीमती रेणुका, श्रीमती साधना, श्रीमती आभा ने समा बांध दिया, हरियाणवी लोकगीत पर नृत्य कौशल को प्रस्तुत किया, कुमारी आरोही, कुमारी वान्या, कुमारी किंजल, कुमारी नंदनी कुमारी मुस्कान, कुमारी देशना, कुमारी माही, कुमारी कुहू द्वारा, इस बीच देशभक्ति भरे सदाबहार पंजाबी भांगड़ा डांस के जरिये सनद, मनीष, अंकित, अखिलेश, अशोक, अभिषेक शरद सोनू, संदेश, सुशांत ने स्टेज पर आग सी लगा दी, तभी इस मनोरंजक स्मृति जनक कार्यक्रम को अध्यक्ष CA मनोज साधना जैन, सचिव श्री राविज ऋतु जैन, कोषाध्यक्ष श्री अरविंद आभा जैन ग्रुप संरक्षक इंजी. संतोष आशा जैन, प्रवीण वंदना सिंघई, श्री सुधीर संगीता जैन, श्री प्रदीप कुमुद बेंटिया, श्री संजय डॉ चंद्रा चौधरी, पराग, मनीष, सनद, अभिषेक शरद, की कुशल देखरेख में प्रस्तुत किया गया, इस अवसर पर थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एवं रक्तदान के उत्कृष्ट मानव सेवा कार्य पर निरन्तर कार्यरत डॉ. विवेक रेखा जैन को विशेष सम्मान से विभूषित किया गया। अतिथि उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ.अभिलाष जी पांडे जी, विधायक, उत्तर मध्य जबलपुर ने कहा कि घरेलू महिलाओं एवं बच्चों की यह प्रस्तुतियां बहुत हृदयस्पर्शी है, उज्जैन से पधारे श्री देवेंद्र कांसल ने कहा कि नगर ग्रुप की महिला शक्ति ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का भरपूर उपयोग किया, इंदौर से पधारे सुशील जी पंड्या ने अपने उदगार प्रकट करते हुए कहा कि यह मंच अनेक प्रतिभाओं को काफी ऊपर तक ले जावेगा। **–संजय जैन**

## आपके भाव ही इतने तीव्र हों कि हर अनुष्ठान सफल हो जाए : विराग मुनि महाराज

### एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में चातुर्मास

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** तीर्थ जाना आज लोगों के लिए पर्यटन समान हो गया है। धार्मिक केंद्र पिकनिक स्पॉट बनते जा रहे हैं। अपने भीतर धर्म की जागृति लाएं। समर्पण ऐसा हो कि जब तक काम पूरा न हो, शरीर से प्राण नहीं छूटने चाहिए। यकीन मानिए, आपने सोचा भी नहीं होगा, वो सब काम पूरे होंगे।

एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में श्री विनय कुशल मुनिजी महाराज साहब के पावन सानिध्य में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में विराग मुनि महाराज साहब ने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि आज ज्यादा से ज्यादा इकट्ठा कर लेने की होड़ है। जैन धर्म में अपरिग्रह का सिद्धांत है। यानी उतना ही रखिए, जितने की जरूरत है। साधु–साध्वियों के पास संपत्ति के नाम पर एक पोटली मिलेगी। इसमें दो जोड़ी कपड़े के अलावा सारी चीजें धर्म–ध्यान से जुड़ी मिलेंगी। धर्म ही उनकी पूंजी है। इसी तरह आप भी धर्म को पूंजी बनाएं। हर अनुष्ठान इतना तीव्रतम हो कि सफल हो जाए। चारित्र्य जीवन इतना पवित्र रहे कि कोई चाहकर भी कुछ न बिगाड़ पाए। पहले लोग महापुरुषों



को देखते तो सोचते कि इनका अंश मात्र भी मेरे भीतर आ जाए तो जीवन सफल है। इसी निमित्त से उनका आत्मकल्याण हो जाता। न जाने दूसरों को देखकर ही कितने लोग महापुरुष बन गए। आज निमित्त मिलने पर भी लोग आत्मकल्याण के पथ पर चलने को तैयार नहीं। वजह, भावना का अभाव। पहले लोगों में दूसरों के गुणों की प्रशंसा की भावना थी, इसलिए वे गुण उनमें भी आ जाते। आज सबकी बुराई में लगे हैं।

**तड़प–तड़पकर मरने से बेहतर होगा कि धर्म में मन लगाइए :** मुनिश्री ने कहा, जब शरीर स्वस्थ रहता है, हम संसार के कार्यों में लगे रहते हैं। सारे जीवन कर्म बंधन करते हैं। जब बूढ़ापा आए, ठीक से खड़े भी न हो पाएं, आंखों से कुछ साफ दिखाई न दे, तब धर्म करने का विचार आता है। हमें युवावस्था में ही सुख–दुख में समभाव से रहना चाहिए। यह सब पाप पुण्य का खेल है। राग–द्वेष छोड़ेंगे तो निश्चित ही आत्मा का कल्याण होगा। आत्मा से परमात्मा बनेंगे।

**महान सिद्धि तप के तहत शाही पारणा आज :** चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि दादाबाड़ी में चल रहे महान सिद्धि तप में पांच के उपवास का शाही पारणा बुधवार को शाही पारणा हाउस में बड़े ही ठाठ–बाट से होगा। चौथी लड़ी का पहला उपवास गुरुवार से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि इस महान तपस्या में 100 श्रावक–श्राविकाएं शामिल हैं। इसके अलावा मासखमण जैसी और भी कई बड़ी तपस्याएं चल रहीं हैं। बसंत लोढ़ा और रमेश जैन ने बताया कि दादा गुरुदेव इकतीसा जाप के क्रम में प्रतिदिन रात 8.30 से 9.30 बजे तक एवं रात्रि में प्रभु भक्ति रायपुर के प्रसिद्ध गायक नवीन जी चोपड़ा की प्रस्तुति रहेगी। **–गौरव शर्मा**

## बुंदेलखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष उमेश बबेले को पितृ शोक

**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** बुंदेलखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की एक शोक सभा में संगठन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष उमेश बबेले के पूजनीय पिताजी श्री जगदीश प्रसाद बबेले एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय चांदौरा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मगनलाल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। प्रांतीय महामंत्री देवेश शर्मा ने कहा महान व्यक्तित्व समाजसेवी श्री जगदीश प्रसाद बबेले बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

प्रांतीय प्रवक्ता वीर दुबे ने कहा परोपकार की भावना से ओतप्रोत जगदीश प्रसाद बबेले जी की



विद्वत्ता बेमिसाल थी। प्रांतीय सह प्रवक्ता विशाल जैन पवा ने कहा इससे बेसिक शिक्षा परिवार स्तब्ध तथा बहुत ही दु:खद है, ईश्वर उन्हें सदगति प्रदान करे व शोक संतृप्त परिवार को इस असीम दु:ख की घड़ी में धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करे। श्रद्धांजलि देने वालों में महामंत्री देवेश शर्मा, प्रांतीय प्रवक्ता वीर दुबे, प्रांतीय सह प्रवक्ता विशाल जैन पवा, जनार्दन पाल, मनोहर सिंह बुंदेला, सुरेन्द्र यादव, आजाद सिंह, रामप्रकाश तिवारी, गजराज सिंह, अंकित चौधरी, अमित कुमार, राजेश जैन, जितेंद्र कुमार, बृजेश शास्त्री, मुकेश चौरसिया, अभिषेक जैन, शक्ति सिंह, सुरेश कुमार, संतोष कुमार, रक्खूलाल, नरेंद्र प्रताप सिंह, राजू यादव, दिव्यांशु वैद्य, समीर चौबे, गुलाब सिंह, राघवेंद्र यादव, समीर खरे, अनुज गुप्ता, नितिन जैन, चंद्रभान, वेदप्रकाश, प्रभाष नारायण मिश्रा, राजेश कुमार, राकेश नामदेव, अमित कुमार, हाकम सिंह, रामसेवक, करनलाल, सुनील कुमार, पुष्पेंद्र यादव, राजेंद्र सिंह, रवि वर्मा, भरतलाल रिछरिया, विजय पुरोहित, अनिल गुप्ता, मयंक बबेले, अखयराज, प्रदीप कुमार, सचिन पटेल, नितीश निरंजन, दीपक प्रजापति, प्रशांत राहुल, मनीराम, रविन्द्र कुमार, रतिराम पाल, लक्ष्मणदास आदि प्रमुख रहे। **–विशाल जैन**

# मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का करें तत्काल निराकरण

**कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश**

### स्वतंत्रता दिवस समारोह के तैयारियों की ली जानकारी

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री जनदर्शन, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर और समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार बारी-बारी से समीक्षा की। कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर और समय सीमा के लंबित आवेदनों का अधिकारी समय सीमा में गुणवत्तपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर सुश्री गांधी ने आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सभी शासकीय/ सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में की जाने वाली रोशनी, नक्सली हिंसा के शहीदों के परिवारजनों का सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समारोह के सफल संचालन के लिए कलेक्टर सुश्री गांधी ने मुख्य समारोह स्थल की साफ-सफाई, मुख्य मंच, निमंत्रण पत्र छपाने, आगंतुकों का स्वागत, कानून व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, माइक, जनरेटर, मार्च पास्ट इत्यादि के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये है, वे इनका पालन गंभीरता से करने कहा। इसके साथ ही 14 अगस्त को होने वाले सद्भावना दौड़ में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य अमले को आवश्यक दवाईयों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी ली और इसके तहत प्रतिदिन आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की जानकारी देने अधिकारियें को निर्देशित किया। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत जिले में अब तक किए गए वृहद वृक्षारोपण की जानकारी कलेक्टर ने ली और रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा करने के निर्देश दिए।



## नशा मुक्ति अभियान में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए कलेक्टर ने दिलाई अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज भारत सरकार के नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय के एन.आई.सी. कक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों को नशा मुक्ति भारत अभियान में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराने की शपथ ली। इसके अलावा सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने देश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करने की भी शपथ ली। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल ने भी संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने भारत सरकार द्वारा नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ 15 अगस्त 2020 को किया गया था। आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2024 को नशामुक्ति भारत अभियान का 05 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके उपलक्ष्य में आज 12 अगस्त को जिले के सभी शासकीय संस्थानों एवं कार्यालयों में शपथ का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय संस्थाओं एवं कार्यालयों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अपने परिवार, समाज, राष्ट्र, मित्र एवं आसपास के लोगों को नशामुक्त कराने में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने तथा स्वयं को नशामुक्त बनाने की शपथ ली।



## उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने 145 कृषकों से की चर्चा

### रूचि अनुसार पौधे लगाने किया प्रेरित

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** दंतेवाड़ा विकासखंड के कुआकोंडा में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने रेंगानार के 6 किसानों द्वारा एफआर कलस्टर में लगे नारियल, आम बगीचा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कृषकों के बगीचा का सराहनीय करते हुए कहा कि वहां लगे खरपतवार को साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पालनार में कृषक जोगी लखमा के बाड़ी का निरीक्षण कर वहां लगे आम के पौधा का नियमित रूप से देख रेख करने को कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने कृषक जागरूक सम्मेलन पहुंचकर 145 कृषकों से उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य फलदार पौधे लगाने हेतु कृषकों को जागरूक किया गया और उन्नत फलदार पौधे के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उनकी मांग और समस्याओं को सुना। इस दौरान कृषकों और कलेक्टर के मध्य कलेक्टर द्वारा रूचि अनुसार फलदार पौधे जैसे आम,नारियल,लीची जैसे अन्य पौधे लगाने को कहा जिससे उनकी आमदनी बढ़ सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्नतशील कृषकों के उद्यान के क्षेत्र में कृषकों के भ्रमण एवं स्थल निरीक्षण कर व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि वे नई कृषि विधियों से परिचित हो सके। साथ ही कलेक्टर के द्वारा कृषकों को पौधे का वितरण किया गया। इस मौके पर राजेंद्र ओयामी, कमल मंडावी, सुखका मंडावी, गणेश एवं अन्य कृषकागण ने उद्यान को बढ़ावा देने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मालती मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पायके मरकाम,श्री नंदनलाल मुड़ामी, सुकालू मुड़ामी सहित उद्यान विभाग के सहायक संचालक श्री डिकेलेश कुमार अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी मौजूद थे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कांकेर थाना पुलिस ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को शिकायत के 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपी के खिलाफ धारा 376,506 भादवि का पंजीबध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 11 अगस्त को पीड़िता ने कांकेर थाने में उसके साथ दुष्कर्म होने की शिकायत की थी तथा लिखित आवेदन दिया था कि वह चारामा के बाजार गयी थी जहां पर एक युवक ने मोबाईल नम्बर मांगा और फोन करने लगा जिससे नाम पूछने पर अपना नाम विरेन्द्र महिलांगे निवासी डवंरखार सिंगनपुर का होना बताया और चारामा में काम करना बताया और लगातार फोन करने लगा और इसी वर्ष अपने साथ दिनांक 5 मार्च 2024 के रात्रि 9 बजे उसको शादी का झांसा देकर अपने निवास चारामा मे लेकर गया। वहां पर शादी करने का बात बोलते हुए जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया जिससे पीड़िता गर्भवती हो गयी पीड़िता द्वारा उक्त आरोपी को अपने घर वालों को अपने बारे में बताओ बोली तो जान से मारने की धमकी देने लगा और शादी करने से इंकार कर दिया। शिकायत पर थाना कांकेर में बिना नंबरी अपराध धारा 376,506 भादवि का पंजीबध किया गया था जो घटना स्थल थाना चारामा क्षेत्र का होने से थाना चारामा में असल नंबरी अपराध क्रमांक 121/24 धारा 376,506 भादंवि पंजीबध कर विवेचना में लिया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

### आमजनों से अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का किया गया आह्वान

**कांकेर(विश्व परिवार)।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आमजनों में देश भक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि के उद्देश्य से 09 से 15 अगस्त 2024 तक ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व में जिले के नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से पुराना बस स्टैण्ड तक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें अधिकारी-कर्मचारी, एन.सी.सी. व स्काउट गाइड, पुलिस जवान शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में शामिल प्रतिभागियों द्वारा देशभक्ति के नारों के साथ जिले के सभी नागरिकों से अपने-अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया गया। नरहरदेव स्कूल के मैदान में यात्रा की समाप्ति के पश्चात कलेक्टर द्वारा उपस्थित सभी लोगों को तिरंगा के सम्मान की शपथ भी दिलाई गई।



## अमूस तिहार पर सांसद, कलेक्टर, समाज प्रमुखों ने कृषि यंत्रों की पूजा की

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** आसना स्थित बादल अकादमी में शनिवार को बस्तर की लोक पर्व अमूस तिहार प्रतीकात्मक ढंग से परम्परा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित विभिन्न समाज प्रमुखों और गायता-पुजारी एवं गणमान्य नागरिकों ने हल-कृषि यंत्रों की पारम्परिक रूप से पूजा-अर्चना की। इस मौके पर युवाओं तथा उपस्थित लोगों ने गेड़ी दौड़, हंडी दौड़, नारियल फेंक प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने उपस्थित सभी लोगों को अमूस तिहार की बधाई देते हुए कहा कि बादल संस्था बस्तर की भाषा-बोली, कला, लोकगीत-संगीत, संस्कृति और परम्परा, विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन सहित उसे जीवन्त रखने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है। हरेली त्यौहार को बस्तर में अमूस तिहार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संस्कृति को बनाने और बचाने के लिए लाखों ने बलिदान दिया है, आदिवासी समाज, संस्कृति परम्परा को संरक्षित करने में अमूल्य योगदान दिया है। हरेली क्षेत्र का पहला पर्व है इसमें हमारे जरूरी और कृषि से संबंद्ध औजारों का पूजा किया जाता है। आदिवासी समाज पहले से ही प्रकृति पूजक रहा है। आदिवासियों की पूजा विधान में प्रकृति को समर्पित और संरक्षित करने के पीछे वैज्ञानिक तथ्य है। आधुनिक युग में समाज की जिम्मेदारी है कि पुरानी रीति-रिवाज, परम्परा को नई पीढ़ी को बताएं। रीति-रिवाज की जानकारी नहीं होने से संस्कृति विलुप्त होने की स्थिति निर्मित होगी। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने अमूस तिहार की बधाई देते हुए कहा कि अमूस तिहार से ही बस्तर में विभिन्न पर्वों की परम्परा शुरुआत होती है। बादल अकादमी में बस्तर की सभी संस्कृति को सहेजने की कोशिश की जा रही है, साथ ही बस्तर की भतरी, धुरली, हल्बी, गोंडी बोली-भाषा में गीत, इनकी लिपि पर आधारित पुस्तकों का संकलन, क्षेत्र की प्रमुख तीज-त्यौहार की जानकारी का संकलन बादल संस्था में किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य संभाग के सभी जिलों के कला-संस्कृति को संरक्षण एवं संवर्धन करना है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा संगीत की ऑनलाईन क्लास की शुरुआत किया जा रहा है। स्थानीय भाषा-बोली के महत्व को समझते हुए प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को शुक्रवार के दिन एक घण्टे क्लास में स्थानीय बोली की प्रशिक्षण दिए जाने की कार्ययोजना है। इसके अलावा बस्तर के परम्परागत खेल विधाओं को संवारने के लिए बस्तर ओलंपिक करने का भी प्लान किया जा रहा है। इस मौके पर लामकेर के गेड़ी नर्तक दल ने मनोहारी गेड़ी नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं गेड़ी दौड़, हंडी दौड़ के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।



## संक्षिप्त समाचार

### न्योता भोजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड कुआकोंडा 02 के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में प्रधानमंत्री शक्ति योजना के अंतर्गत आज ''न्योता भोजन'' में एसएमसी अध्यक्ष श्री अनोज सिँह भदौरिया के जन्मदिवस के अवसर पर उनके द्वारा संस्था में अध्ययनरत 110 छात्राओं, 20 पालकों के साथ कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, खंड शिक्षा अधिकारी कुआकोंडा, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक, प्राचार्य, शिक्षकों के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना (मध्यान्ह भोजन) में सामुदायिक जन भागीदारी पर आधारित इस कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न संस्थाओं में जनप्रतिनिधि, पालक, समुदाय के सदस्य एवं शिक्षकों के माध्यम से करवाया जाता है। ''न्योता भोजन'' विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर भारतीय परम्परा पर आधारित है। न्योता भोजन छात्र-शिक्षक एवं पालक समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने का जरिया तो है ही साथ-साथ पोषण युक्त एंव रुचिकर भोजन दिए जाने से बच्चों की शालाओं में उपस्थिति में वृद्धि होती है। ''न्योता भोजन'' का एक अन्य उद्देश्य शाला एवं स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल को विकसित करना भी है।

### आईईडी बम की चपेट में आने से महिला की मौत

**सुकमा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. नक्सलियों के प्लांट किये गए आईईडी बम के ब्लास्ट होने से महिला की मौत हो गई है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. यह मामल किस्टाराम थाना क्षेत्र के डब्बामरका का है। जानकारी के अनुसार, किस्टाराम थाना क्षेत्र के डब्बामरका गांव निवासी महिला कवासी सुक्की रविवार को गाय चराने के लिए निकली थी। महिला गाय चराने के लिए जंगल के पगडंडी मार्ग में चल रही थी। इस दौरान वह नक्सलियों द्वारा प्लांट किये गए प्रेशर आईईडी बम की चपेट में आई गई, जिससे जोरदार धमाका हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आईईडी ब्लास्ट होते से इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। यह घटना रविवार शाम 5 बजे की बताई जा रही है। घटना की पुष्टि सुकमा के एएसपी निखिल रखेजा ने की है।

### कलेक्टर गांधी ने हर घर तिरंगा अभियान की दिलायी शपथ

**धमतरी(विश्व परिवार)।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उपस्थित अधिकारियों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि मैं शपथ लेती हूं कि मैं तिंरगा फहराऊंगी। हमारे स्वतन्त्रता सेनानी और वीर सपूतों की आवाज का सम्मान करूंगी और भारत के विकास और प्रगति के प्रति स्वयं को समर्पित करूंगी। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश प्रेम की भावनाओं से जुड़ा है। यह गौरवान्वित करने वाला क्षण है। हम अपने तिरंगा का सम्मान करते हैं। यह हमारे देश की पहचान होने के साथ ही हम सभी भारतवासियों में देश प्रेम की भावना को विकसित करता है। हम सभी भारतीय हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ें और देश के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों को सम्मान दें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि जिले में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में वे शामिल हों और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं।

### तुर्रेबेड़ा की तुलसी को जनदर्शन में तुरंत मिला राशन कार्ड

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत जब जनदर्शन में लोगों से मुलाकात कर रहे थे। इसी दौरान तुर्रेबेड़ा का परदेशी अपनी पत्नी तुलसी को व्हील चेयर में लेकर पहुंचा। उसने कलेक्टर श्री दुदावत को बताया कि तुलसी का नाम राशन कार्ड में दर्ज नहीं होने के कारण इसका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है, वहीं तुलसी की तबियत खराब है। इसके इलाज के लिए राशन कार्ड की अभी तत्काल आवश्यकता है। परदेशी और तुलसी की पत्नी की समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर श्री दुदावत ने खाद्य अधिकारी को तत्काल राशन कार्ड में तुलसी का नाम दर्ज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत के निर्देश पर खाद्य अधिकारी ने राशन कार्ड में नाम दर्ज करवाया और कलेक्टर के हाथों इसे दंपत्ति को सौंप दिया गया, जिससे परिवार को खाद्य विभाग की योजनाओं के साथ ही तुलसी के उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सहायता मिल सके।

## व्यापार समाचार

### काइनेटिक ग्रीन ने ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल से जुटाए 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की एक अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन ("EV") निर्माता कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने घोषणा की है कि उसने एक अग्रणी वैश्विक प्राइवेट इक्विटी फर्म ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल ("GPC") से 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त किया है, यह निवेश 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल लक्षित सीरीज़ फंड को जुटाने का हिस्सा है। काइनेटिक ग्रीन ने वर्ष 2016 में एक अग्रणी EV OEM के रूप में EV क्षेत्र में प्रवेश किया। कंपनी का नेतृत्व सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी करती हैं, जो फिरोदिया परिवार की तीसरी पीढ़ी की सदस्य हैं, जो काइनेटिक समूह की संस्थापक हैं। काइनेटिक पिछले 50 वर्षों से भारत के ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक अग्रणी निर्माता और नवाचार करने वाली कंपनी रही है, इसने काइनेटिक लूना और काइनेटिक हॉन्डा जैसे प्रतिष्ठित वाहनों को बाजार में उतारा है, तथा आज तक इनके 10 मिलियन से ज्यादा वाहन बिक चुके हैं। इस कंपनी को भारत में उत्पादों के डिजाइन, उनके विकास एवं निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आम जनता के लिए आने-जाने के साधनों को बढ़ावा देने के लिए किफायती कीमतों पर उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकियों (एडवांस ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी) को विकसित करने और उसे बाजार में उतारने के लिए जाना जाता है।

### अप्सरा आइसक्रीम ने की अपनी 53वीं सालगिरह पर मुस्कान लॉन्च की घोषणा

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** लोगों के चेहरों पर खुशी और मुस्कुराहट लाने की एक कोशिश में अप्सरा आइसक्रीम ने आज एक अनोखी पहल मुस्कान को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहल 78 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ब्रांड की 53 वीं सालगिरह पर शुरू की जा रही है। इस अवसर पर बात करते हुए, अप्सरा आइसक्रीम के संस्थापक भागीदार श्री नेमचंद शाह ने कहा, '' मुस्कान का मुख्य मकसद समाज के विभिन्न वर्गों तक खुशियाँ पहुँचाना और हमारी 53वीं सालगिरह भी मनाना है। यह लॉन्च 78वें स्वाधीनता दिवस पर 15 अगस्त को होगा और हम सभी के लिये यह बड़े गर्व की बात है। उन लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखने के लिये हम सचमुच उत्साहित हैं और उनका दिन यादगार बना देंगे। हमें समाज को उसके उपकारों के बदले कुछ लौटाने और उनके जीवन को खुशियों से भरने पर बड़ा यकीन है।'' अपने विचार रखते हुए, अप्सरा आइसक्रीम सेल के प्रबंध भागीदार श्री. केयूर शाह ने कहा, ''पूरा जोर समाज के विभिन्न स्तरों तक पहुँचने पर दिया जा रहा है। यह बड़े गर्व का विषय है कि हम अपनी वर्षगांठ 78वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मना रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य जरूरतमंद लोगों को खुशियाँ और मुस्कुराहट देना और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए अप्सरा की प्रतिबद्धता दिखाना है।

### फूड सेफ्टी एंड ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन छत्तीसगढ़, नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया और नेस्ले इंडिया ने छत्तीसगढ़ में 'सर्व सेफ फूड' प्रोजेक्ट का विस्तार किया

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** नेस्ले इंडिया ने छत्तीसगढ़ में 'सर्व सेफ फूड' प्रोजेक्ट का विस्तार किया है। इसके लिये कंपनी ने एफडीए, छत्तीसगढ़ और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के साथ अपनी साझेदारी जारी रखी है। इसके अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और महासमुंद जिलों में 1,000 से ज्यादा स्ट्रीट फूड वेंडर्स यानी कि सड़कों के किनारे खाने-पीने का सामान बेचने वालों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रकार, राज्य में कुल 2,700 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की शुरूआत 2016 में की गई थी। तक से लेकर अभी तक प्रोजेक्ट 'सर्व सेफ फूड' ने 26 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 68,500 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को लाभ पहुंचाया है। इस प्रोजेक्ट ने विभिन्न भागीदारों को एक साथ लाकर एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है। श्री कुलदीप शर्मा (आईएएस), कंट्रोलर, फूड सेफ्टी एंड ड्रग ऐडनिमिस्ट्रेशन, छत्तीसगढ़ ने कहा, ''छत्तीसगढ़ को इसके स्ट्रीट फूड के लिये जाना जाता है और यह स्ट्रीट फूड वेंडर्स को समाज में एक महत्वपूर्ण हितधारक बनाता है। स्ट्रीट फूड वेंडर्स को मजबूत बनाने के लिये FDA, NASVI और नेस्ले इंडिया द्वारा किये गये कामों को देखकर प्रेरणा मिलती है। प्रोजेक्ट सर्व सेफ फूड द्वारा राज्य के लगभग 1700 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### इन्वेनटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सेबी के पास दायर किया डीआरएचपी

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** इन्वेनटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड, एक प्रौद्योगिकी-सक्षम स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदाता और एक देखभाल सक्षमता मंच जो अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक उद्यमों की सहायता करता है, जिसका ध्यान अमेरिकी बाजारों पर है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में 1 रुपया अंकित मूल्य के 28,184,060 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। कुल पेशकश आकार में 1 रुपया अंकित मूल्य के 28,184,060 इक्विटी शेयर शामिल हैं। बिक्री के लिए प्रस्ताव में आशरा फैमिली ट्रस्ट द्वारा 5,347,924 इक्विटी शेयर, आर्यमन झुनझुनवाला विवेकाधीन ट्रस्ट द्वारा 1,708,846 इक्विटी शेयर, आर्यवीर झुनझुनवाला विवेकाधीन ट्रस्ट द्वारा 1,708,846 इक्विटी शेयर, निष्ठा झुनझुनवाला विवेकाधीन ट्रस्ट (प्रवर्तक समूह विक्रय शेयरधारक) द्वारा 1,708,846 इक्विटी शेयर, जोसेफबेनार्डेलो द्वारा 4,375,387 इक्विटी शेयर, गौतम चार द्वारा 1,800,000 इक्विटी शेयर, परमिंदर बोलिना द्वारा 1,800,000 इक्विटी शेयर, जेफ्री फिलिप प्रीमार्क द्वारा 1,641,232 इक्विटी शेयर, बर्जिस मीनू देसाई द्वारा 1,032,894 इक्विटी शेयर, स्कॉट डी हेवर्थ (व्यक्तिगत विक्रय शेयरधारक) द्वारा 937,858 इक्विटी शेयर शामिल हैं। इन्वेनटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड आउटपेशेंट और इनपेशेंट केयर संगठनों के लिए एक अग्रणी भागीदार है, जो स्वास्थ्य सेवा संगठनों को बेहतर नैदानिक देखभाल प्रदान करने, जनसंख्या स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने और अपने राजस्व को अनुकूलित करते हुए और परिचालन लागत को कम करते हुए मूल्य मॉडल के लिए शुल्क में बदलाव करने में सक्षम बनाता है।



# पीटी उषा ने विनेश फोगाट की अयोग्यता पर आईओए मेडिकल टीम का बचाव किया

**पेरिस( एजेंसी )।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किलोग्राम फाइनल में भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराए जाने के लिए आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए और यह पहलवान के कोच और सहयोगी स्टाफ हैं जिन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आईओए ने रविवार को जारी एक बयान में इस बात पर जोर दिया कि कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी पूरी तरह से प्रत्येक एथलीट और उनकी व्यक्तिगत कोचिंग टीम की है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने स्पष्ट किया है कि कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में एथलीटों के वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उसके कोच की है, न कि आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की। उषा ने आगे स्पष्ट किया कि आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम को खेलों से कुछ महीने पहले बोर्ड में लाया गया था। उनकी प्राथमिक भूमिका प्रतियोगिताओं के दौरान और बाद में एथलीटों की रिकवरी और चोट प्रबंधन में सहायता करना थी। इसके अतिरिक्त, आईओए मेडिकल टीम को उन एथलीटों का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया था जिनके पास पोषण विशेषज्ञों और फिजियोथेरेपिस्टों की अपनी टीम तक पहुंच नहीं थी। आईओए ने कुछ महीने पहले एक मेडिकल टीम नियुक्त की थी, मुख्य रूप से एक टीम जो प्रतिस्पर्धा के दौरान और बाद में एथलीटों की रिकवरी और चोट प्रबंधन में सहायता करेगी। इस टीम को उन एथलीटों का समर्थन करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया था जिनके पास पोषण विशेषज्ञ और फिजियोथेरेपिस्ट की अपनी टीम नहीं थी। आईओए मेडिकल टीम, विशेष रूप से डॉ पारदीवाला पर निर्देशित नफरत अस्वीकार्य है और निंदा के योग्य है।


## डोमेस्टिक क्रिकेट खेलेंगे रोहित और विराट





**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के तुरंत बाद ही टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था. अब भारत को इस साल सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे, लेकिन इस बीच रिपोर्ट्स के हवाले से जानकारी सामने आ रही है कि रोहित और विराट 5 सितंबर में खेली जाने वाली घरेलू दलीप ट्रॉफी में खेलते नजर आ सकते हैं. भारतीय टीम को सितंबर महीने से साल के आखिर तक 3 टेस्ट सीरीज खेलनी हैं. बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की मेजबानी करने के बाद टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी. लेकिन, इस बीच भारतीय स्टार क्रिकेटर्स रोहित शर्मा और विराट कोहली फ्री रहेंगे. ऐसे में बीसीसीआई आगामी टेस्ट सीरीज के लिए इन दोनों दिग्गजों को तैयार करने के लिए घरेलू क्रिकेट खिला सकता है. रिपोर्ट्स की मानें, तो 5 सितंबर से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी में रोहित-विराट खेलते हुए दिख सकते हैं. बीसीसीआई इस घरेलू टूर्नामेंट को नए तरीके से कराने की ताक में है. रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि दलीप ट्रॉफी में अजीत अगरकर की अगुवाई वाला पैनल 4 टीमें इंडिया ए, बी, सी और डी के साथ नए रूप में हिस्सा लेती नजर आएंगी जबकि इससे पहले इस टूर्नामेंट में जोन की टीमें हुआ करती थी. भारत के घरेलू क्रिकेट के सत्र का आगाज होने को है. दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट 5 सितंबर से 24 सितंबर तक खेला जाएगा, जबकि भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से टेस्ट सीरीज खेली जाएगी, जिसका पहला मैच चेन्नई में होगा. हालांकि, अभी तक आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है कि रोहित और विराट दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेंगे या नहीं.

## बेन स्टोक्स को द हंड्रेड में हैमस्ट्रिंग की चोट लगी, श्रीलंका टेस्ट में खेलना संदिग्ध



**मैनचेस्टर( एजेंसी )।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को रविवार को द हंड्रेड पुरुष प्रतियोगिता में मैच में खेलते समय हैमस्ट्रिंग चोट लग गई और उनका श्रीलंका के खिलाफ 21 अगस्त से मैनचेस्टर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। हैरी ब्रूक के अनुसार चोट की गंभीरता की पुष्टि के लिए स्टोक्स का सोमवार को स्कैन कराया जाएगा। ब्रूक ने मैच के अंत में कहा, यह अच्छा नहीं लग रहा है, दुर्भाग्य से, मैं कल स्कैन कराऊंगा और देखूंगा कि यह कैसा है। ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड की द हंड्रेड प्रतियोगिता में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेलते समय एक त्वरित सिंगल लेने का प्रयास करते समय इंग्लैंड के ऑलराउंडर को चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। सुपरचार्जर्स को अपने साथी उत्तरी प्रतिद्वंद्वी पर सात विकेट की मामूली जीत दर्ज करते देखने के लिए टीम डगआउट में लौटने से पहले, उन्हें बाद में बैसाखी पर देखा गया। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज और इस साल की शुरुआत में भारत में श्रृंखला के दौरान चोटों के कारण गेंद के साथ उनकी भूमिका सीमित होने के बाद स्टोक्स ने पिछले महीने वेस्टइंडीज श्रृंखला के दौरान गेंदबाजी में सफल वापसी की। इंग्लैंड को पहले से ही श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए जैक क्रॉली की सेवाएं नहीं मिल रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में डैन लॉरेंस बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, पिछले हफ्ते जॉर्डन कॉक्स को बल्लेबाजी कवर के रूप में उनकी टीम में बुलाया गया था।

## क्रोमा का स्वतंत्रता दिवस सेल: टीवी, वाशिंग मशीन्स, और बहुत सारे उत्पादों पर पाइए बहुत बड़े डिस्काउंट्स

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** क्रोमा भारत भर में फैले अपने 525 से ज़्यादा स्टोर्स के साथ देश का स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। खुशियों को आपके घर के और भी नज़दीक लाने के वचन के साथ क्रोमा ने अपना स्वतंत्रता दिवस कैम्पेन शुरू किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस की विशाल श्रेणी पर कई आकर्षक ऑफर मिल रहे हैं। 9 अगस्त से 18 अगस्त 2024 तक चलने वाले इस कैम्पेन में उपभोक्ताओं को मिलेंगे आकर्षक डील्स, एक्सचेंज डिस्काउंट्स और पेमेंट के लचीले विकल्प, क्रोमा स्टोर में, croma.com पर ऑनलाइन और टाटा नेउ ऐप पर भी आप इनका लाभ उठा सकते हैं। अपनी होम एंटरटेनमेंट सिस्टम्स को अपग्रेड करना चाहते हैं तो क्रोमा में खरीदिए यूएचडी स्मार्ट टीवी जिनकी कीमतें सिर्फ 24,999 रुपयों से शुरू होती हैं। चुनिंदा स्मार्ट एलईडी टीवी पर मिल रहा है 70त्न तक की भारी छूट और पुराने टीवी एक्सचेंज करने पर 5,000 रुपयों तक के लाभ भी आप पा सकते हैं। इसके अलावा, एलजी का 55 ओएलईडी टीवी पाइए हर महीने सिर्फ 2,999 रुपयों से शुरू होने वाली और सैमसंग का 55 का निओ क्यूएलईडी टीवी मिल रहा है हर महीने सिर्फ 2,990 रुपयों से शुरू होने वाली कीमतों में, साथ ही 9,000 रुपयों तक का कैशबैक भी आप पा सकते हैं। प्रीमियम ऑडियो अनुभव के लिए, सैमसंग साउंडबार और साथ में सबवूफर हर महीने सिर्फ 999 रुपयों में उपलब्ध है। अपने किचन अप्लायंसेस अपग्रेड करना चाहते हैं तो, क्रोमा की 9 किलो की फ्रंट लोड वाशिंग मशीन सिर्फ 34000 रुपयों से आगे की कीमतों में मिल रही है, कूपन्स के ज़रिए अतिरिक्त 5त्न डिस्काउंट और चुनिंदा कार्डों पर कैशबैक ऑफर का भी लाभ आप उठा सकते हैं। क्रोमा में स्मार्टफोन्स पर 50त्न तक की आकर्षक छूट दी जा रही है। सेल में एआई स्मार्टफोन हर महीने सिर्फ 3,127 रुपयों से शुरू हो रही कीमतों में खरीद सकते हैं। 5जी स्मार्टफोन्स की कीमतें सिर्फ 12,499 रुपयों से शुरू होती हैं। इसके अलावा, 15,000 रुपयों तक के एक्सचेंज लाभ भी दिए जा रहे हैं। क्रोमा के लैपटॉप कलेक्शन में आकर्षक ऑफर्स की भरमार है। 10,000 रुपयों तक के कैशबैक और 6,000 रुपयों तक के एक्सचेंज बोनस का लाभ उठाकर उपभोक्ता काम या गेमिंग के लिए अपने डिवाइसेस को अपग्रेड करते हुए भारी बचत भी कर सकते हैं। इस स्वतंत्रता दिवस पर क्रोमा की बेजोड़ डील्स का लाभ ज़रूर उठाइए। इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस की मनचाही खरीदारी पूरी स्वतंत्रता के साथ करने का यह सुनहरा मौका हाथ से जाने न दें, आज ही अपने नज़दीकी क्रोमा स्टोर में जाएं या सिर्फ ष्द्धह्लश्वद्वड्ड.ष्श्वद्व पर क्लिक करें और यादगार अनुभव पाएं।

## श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड बोर्ड फंड जुटाने पर विचार करेगा

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** वित्तीय समाधानों में अग्रणी, श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (बीएसई: 539217) ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 19 अगस्त, 2024 को प्रेफेरेंशिएल अलॉटमेंट के माध्यम से इक्विटी शेयर्स/कन्वर्टिबल इंस्ट्रूमेंट्स/अन्य प्रतिभूतियों राइट इश्यू, क्यूआईपी, एडीआर जीडीआर, एफसीसीबी, सदस्य और अन्य आवश्यक अनुमोदन के अधीन धन जुटाने पर विचार करने के लिए मीटिंग करेगा। यह धन जुटाने के लिए अपेक्षित पेशेवरों, विशेषज्ञों, मर्चेंट बैंकरों, कानूनी सलाहकारों और अन्य मध्यस्थों को नियुक्त करने पर भी विचार करेगा। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की कि श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (Srestha) और फेलिक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (Feli&) के बीच मौजूदा बिज़नेस अरेंजमेंट को जारी रखते हुए, रिन्यूएबल एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी इनीशिएटिव्स को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक फैसिलिटी एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करके एक बार फिर हाथ मिलाया है, जिसके अंतर्गत श्रेष्ठ सस्टेनेबल डेवलपमेंट के उद्देश्य से रिन्यूएबल एनर्जी और क्लीन वॉटर से जुड़े प्रोजेक्ट्स में ऋण देने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस नए एग्रीमेंट की मदद से, फेलिक्स रिन्यूएबल एनर्जी, क्लीन वॉटर और वॉटर रीसाइक्लिंग से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए फेलिक्स द्वारा आरती इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के साथ खरीदे गए ऑर्डर हेतु प्लांट इंस्टॉलेशन के कैपिटल वर्क के लिए कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन रुपये की दो चरणों में फंडिंग की जाएगी। रिन्यूएबल एनर्जी और वॉटर सेग्मेंट में विविधता को मज़बूत फाइनेंशियल सपोर्ट देने, स्थिरता को बढ़ावा देने और ग्रीन एनवायरनमेंट और सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था फेलिक्स के फाइनेंशियल सपोर्ट को मज़बूत करेगी।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़**
**अल्पकालिक द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**
**(जिला निर्माण समिति)**

निविदा क्र./21 — बीजापुर, दिनांक 08/08/2024

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से राज्य परियोजना कार्यालय समग्र, शिक्षा अन्तर्गत निर्माण कार्यों की स्वीकृत जिला निर्माण समिति के माध्यम से आर.ई.एस. के दिनाँक 01.11.2021 से प्रचलित एस.ओ. आर. (भवन निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर तथा लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|
| 01 | GOVT. PRIMARY SCHOOL-1-GOPIPARA CHERPAL (GUNDAPUR), 2- KACHILWAR, BLOCK-BIJAPUR | 20.30 प्रति ईकाई | 15200.00 प्रति ईकाई |

महत्वपूर्ण निर्देश :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | - | 23-08-2024 | सायं 5.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | - | 28-08-2024 | अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | - | 28-08-2024 | अपरान्ह 3.30 बजे तक |
| टेंडर फार्म का मूल्य | - | 750.00 प्रति फार्म | |
| कार्य पूर्ण करने की समय सीमा | - | 05 माह | |
| ठेकेदारों की श्रेणी | - | डी-श्रेणी या उससे ऊपर | |

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट, चेक एवं नगद जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।

टीप :- निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।

कलेक्टर
जिला बीजापुर

जी- 242501775/2

## भारती एंटरप्राइजेज का बड़ा कदम, अब बीटी समूह में हिस्सेदारी खरीदने की तैयारी, इतने हजारों करोड़ों में डील की संभावना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारती एंटरप्राइजेज अब जल्द ही बड़ा कदम उठाने जा रही है। भारती एंटरप्राइज अब जल्द ही ब्रिटेन की सबसे बड़ी ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कंपनी बीटी समूह में हिस्सेदारी खरीदने जा रही है। दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल की कंपनी बीटी समूह में चार अरब डॉलर में 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा। इस संबंध में कंपनी ने भी बयान जारी किया है। कंपनी के बयान के मुताबिक भारती एंटरप्राइजेज की अंतरराष्ट्रीय निवेश इकाई भारती ग्लोबल, पैट्रिक ड्राही की अल्टाइस से बीटी समूह में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी तुरंत खरीदेगी। इसके अलावा कंपनी शेष हिस्सेदारी नयामक द्वारा मंजूरी मिलने के बाद खरीदेगी। कंपनी ने अभी इस पूरे मामले को लेकर अधिक जानकारी साझा नहीं की है। इस संबंध में बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि बीटी के करीब 15 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन पर यह सौदा लगभग चार अरब डॉलर के आसपास बैठ सकता है। भारती, भारत की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है जिसके करीब 40 करोड़ ग्राहक हैं। इसका बीटी के साथ पहले भी नाता रहा है। बीटी के पास 1997 से 2001 तक भारती एयरटेल में 21 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। कंपनी न तो बीटी के संपूर्ण अधिग्रहण के लिए कोई प्रस्ताव देने को इच्छुक है, न ही वह उसके निदेशक मंडल में कोई स्थान चाहती है। अरबपति ड्राही द्वारा नियंत्रित निवेश समूह अल्टाइस, बीटी से बाहर निकल रहा है क्योंकि यह अधिक कर्ज के संकट जूझ रहा है। इसने सबसे पहले 2021 में बीटी में हिस्सेदारी ली थी। इसके बाद 12 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की जिससे उसकी हिस्सेदारी बढ़कर 24.5 प्रतिशत हो गई। अल्टाइस के पहली बार निवेशक बनने के बाद से बीटी के शेयरों में करीब एक-तिहाई की गिरावट आई है। भारती ने बयान में कहा, ''भारती ग्लोबल, दूरसंचार डिजिटल अवसंरचना तथा अंतरिक्ष संचार में विश्वस्तरीय कंपनियों वाले अग्रणी भारतीय कारोबार समूह भारती एंटरप्राइजेज की अंतरराष्ट्रीय निवेश इकाई है।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 14 अगस्त 2024



## 78वां स्वतंत्रता दिवस पर कैट के प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण किया जायेगा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि 78 वां स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पावन पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम दिन गुरूवार 15 अगस्त 2024 को प्रातः ठीक 8:45 बजे कैट के प्रदेश कार्यालय, हाऊस न. सी-1, ईएसी कालोनी, आक्सीजोन गाईन, केनाल लिंकिंग रोड, रायपुर में आयोजित किया गया है। इस राष्ट्रीय पावन पर्व पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा मोर्चा के नेतृत्व मे निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा, विधायक गुरु खुशवंत भी हुए शामिल



**आरंग (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश में पर भारतीय जनता युवा मोर्चा आरंग विधानसभा द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय विशाल तिरंगा यात्रा में विधायक गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। साथ को क्षेत्रवासियों को हर घर तिरंगा अभियान में सहाभागिता निभाने का आह्वान किया। धायक गुरु खुशवंत साहेब तिरंगा रैली में बुलेट में सवार होकर हाथ में तिरंगा झंडा लहराते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग के नेतृत्व में आयोजित बाइक रैली आरंग प्रवेश द्वार से सैकड़ों युवाओं के साथ दो पहिया वाहनों पर हाथ में तिरंगा झंडा पकडे हुए और भारत माता की जयकारे के साथ प्रारंभ हुआ। तिरंगा बाइक रैली कर्मा माता चौक, इंद्रा चौक, हरदेव लाल बाबा, बस स्टैंड, नेताजी चौक, हाईस्कूल, विधायक कार्यलय होते हुए सद्भावना भवन में समापन हुआ।

### तिरंगामय हुआ चरौदा, सीआरपीएफ के जवानों ने बच्चों को बांटे तिरंगे



**आरंग (विश्व परिवार)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं नवीन प्राथमिक शाला चरौदा में सीआरपीएफ कैंप के जवानों को आमंत्रित किया गया। जिसमें करीब 200 से अधिक सीआरपीएफ के जवानों ने तिरंगा बाइक रैली में स्कूल पहुंचकर बच्चों को हर घर तिरंगा के तहत झंडा वितरण किया इस अवसर पर डीआईजीपी अजय कुमार सिंह, कमांडेंट ए के सिंह, डीसी प्रियरंजन गुप्ता, एसी पूनम नेगी, डाक्टर इंदु वशिष्टता ने बच्चों को संबोधित किया। डीआईजी सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा लोगों में देशप्रेम की भावना के प्रति जन जागरूकता हेतु देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा बच्चे देश के भविष्य है देश को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। संविधान ने सबको समान अधिकार दिए हैं। इसलिए बेटियां भी अब सेना में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। वहीं वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र पटेल ने बताया सैकड़ों जवानों को तिरंगा बाइक रैली में एक साथ सैकड़ों जवानों को देखकर बच्चों में देशभक्ति का जजबा बढ़ चढ़कर बोलने लगा। बच्चे जोर शोर से मां भारती और तिरंगा झंडा अमर रहे का उद्घोषणा करते रहे। सीआरपीएफ के जवानों की टीम द्वारा बैंड बाजे से देशभक्ति गीत बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।वही डीआईजी अजय कुमार सिंह ने शालेय प्रबंधन व स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा आत्मीय स्वागत, अभिनंदन से अभिभूत होकर विद्यालय परिसर में कैंप के जवानों द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण कराने की घोषणा भी किए। वहीं केंप के जवानों ने तिरंगा बाइक रैली में ग्राम तामासिवनी, भिलाई ,ओड़का व आरंग के विद्यालयों में भी पहुंचकर हर घर तिरंगा के तहत तिरंगा वितरण किया।इस मौके पर किसान नेता पारसनाथ साहू, एसएमसी अध्यक्ष संतोष कोसरिया, दोनों शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिका, ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवानों व स्कूली बच्चों की उपस्थिति व सहभागिता रही।

### संभागायुक्त और कलेक्टर ने कर्मचारियों को वितरित किए झंडे, किया हर घर तिरंगा फहराने का अहवान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संभागायुक्त श्री महादेव कावरे और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों को झंडा वितरित किया। इस मौके पर, संभागायुक्त श्री कावरे और कलेक्टर डॉ सिंह ने कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, हमारा देश एकता और अखंडता की प्रतीक है।

## 23वीं छत्तीसगढ़ राज्य शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ








**रायपुर (विश्व परिवार)।** 13 अगस्त को छत्तीसगढ़ प्रदेश निशानेबाजी प्रतियोगिता का शुभारभ हुआ, राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता का उदघाटन श्व2स्र सचिव डॉ के पी सिंह द्वारा किया गया। उदघाटन के दौरान श्री के पी सिंह ने प्रदेश से आए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इस प्रतियोगिता को पहली सीढ़ी बताया और इस प्रतियोगिता के जरिए किस तरह से राज्यस्तरीय और राज्यस्तरीय से राष्ट्रीय स्तरीय कैसे जा सकते हैं इसके बारे में भी बताया उन्होंने 2024 के पेरिस ओलंपिक की मनु बाखर का भी जिक्र किया और बताया कि किस तरह से मनु बाखर ने जिंदगी की चुनौतियों को पार कर अपना मुकाम हासिल किया।

उन्होंने पिस्टल का निशाना साधते हुए प्रतियोगिता की शुरुआत की,बता दे कि जहां पिछले साल 346 खिलाड़ियों ने इसमें प्रतियोगिता में भाग लिया था वहीं इस बार 350 के ऊपर रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और 14अगस्त को खिलाड़ी अपनी प्रैक्टिस करेंगे।

शूटिंग प्रतियोगिता में शूटिंग मेंटर्स के लिए विशेष ह्न्ञ्ज नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा चयनित सदस्य शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की बारीकी से जांच करेंगे 4सदस्यीय टीम प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की शूटिंग को परखेंगे ,इस प्रतियोगिता के क्वालीफाइड प्रतिभागी प्री नेशनल के लिए अपनी जगह बना सकेंगे।

बता दे कि छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में 10मीटर एयर राइफल,व पिस्टल तथा 50मीटर एयर राइफल,25मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पोर्ट्स पिस्टल और सेंटर फायर पिस्टल इवेंट होंगे।

यह प्रतियोगिता हर साल जिंदल स्टील एंड पावर के तत्वाधान में आयोजित की जाती है यह प्रतियोगिता 23अगस्त तक आयोजित कि जाएगी जिसमें सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर मेडल प्रदान किए जाएंगे।

इस आयोजन में जिंदल स्टील एवं पावर लिमिटेड के प्रेसिडेंट प्रदीप टंडन,जनरल सेक्रेटरी छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन राकेश गुप्ता व यूपी सिंह मौजूद रहे।

## कलिंगा विश्वविद्यालय ने लगातार तीसरी बार एनआईआरएफ रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**नया रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर ने लगातार तीसरे वर्ष प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में विश्वविद्यालय कैटेगरी में 101-150 रैंक बैंड में स्थान हासिल करके एक बार फिर अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। यह निरंतर प्रदर्शन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और एक मजबूत शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति विश्वविद्यालय के समर्पण को उजागर करता है।




यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कलिंगा विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ की सभी निजी और सरकारी विश्वविद्यालयों में से इस रैंक बैंड में शामिल होने वाला एकमात्र विश्वविद्यालय है।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पूरे स्टाफ के अथक प्रयासों और योगदान के लिए उनकी हार्दिक सराहना की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह लगातार रैंकिंग सामूहिक कड़ी मेहनत, नवीन शिक्षण विधियों, अनुसंधान और शिक्षा और समग्र विकास तथा शिक्षकों और छात्रों के प्रति विश्वविद्यालय के प्रगतिशील दृष्टिकोण का प्रमाण है।

भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय एनआईआरएफ रैंकिंग आयोजित करता है, जो शिक्षण, सीखने और संसाधनों, अनुसंधान और पेशेवर प्रथाओं, स्नातक परिणामों, आउटरीच और समावेशिता, और धारणा जैसे कई पहलुओं पर संस्थानों का मूल्यांकन करता है। कलिंगा विश्वविद्यालय की शीर्ष 150 में निरंतर उपस्थिति इसकी मजबूत शैक्षणिक नींव, अनुसंधान उत्पादन और छात्र-केंद्रित पहल का प्रतिबिंब है।

डॉ. गांधी ने शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता को और बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई तथा आने वाले वर्षों में रैंकिंग में और भी ऊपर आने का लक्ष्य रखा। इस मान्यता से कलिंग विश्वविद्यालय के संकाय, कर्मचारी और छात्र शैक्षणिक जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित हुए हैं।

यह उपलब्धि देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में से एक बनने की दिशा में कलिंगा विश्वविद्यालय की यात्रा में एक और मील का पत्थर है।

## अदाणी फाउंडेशन की 28वीं वर्षगांठ पर रायखेड़ा में लगा स्त्री रोग स्वास्थ्य जांच शिविर

### 200 से अधिक ग्रामीण महिलाओं ने कराई निःशुल्क जांच




**रायपुर (विश्व परिवार)।** अदाणी फाउंडेशन की 28वीं वर्षगांठ के अवसर पर ग्राम पंचायत रायखेड़ा में रविवार को निःशुल्क स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिले के तिल्दा ब्लॉक में स्थित अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित इस विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्राम रायखेड़ा, गैतरा, चिचोली, गौरखेड़ा और भाटापारा की 204 महिलाएं लाभान्वित हुईं। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के लिए आमतौर पर स्त्री संबंधित ऐसे रोगों का इलाज करना था जो आमतौर पर गांवों में उपलब्ध नहीं हो पाता है। साथ ही जिन रोगों की उपेक्षा करने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता है, उसके बारे में भी महिलाओं को बताना शिविर का मकसद था।

इस मौके पर रायपुर के एच एम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की महिला चिकित्सक डॉ अंकिता बघेल ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान सभी को मुफ़्त में दवाइयाँ भी प्रदान की गयीं। अदाणी फाउंडेशन का हमेशा से मानना रहा है कि स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा तिल्दा ब्लॉक में अदाणी पावर लिमिटेड के सामुदायिक सरोकारों में स्वास्थ्य सेवा के तहत चलित मेडिकल वाहन द्वारा गांवों में ही गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही शिक्षा और आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रमों का संचालन भी नियमित रूप से किया जा रहा है।

## अग्रवाल महिला मंडल ने प्रेस क्लब को भेंट किया वाटर फिल्टर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अग्रवाल महिला मंडल ने मंगलवार को रायपुर प्रेस के कोषाध्यक्ष रमन हलवाई व पत्रकारों की मौजूदगी में वाटर फिल्टर प्रेस क्लब को भेंट किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल महिला मंडल प्रभारी कैलाश मुरारका, सुभाष अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष माया मुरारका, महामंत्री ममता अग्रवाल, उपाध्यक्ष राज अग्रवाल, मंत्री संजू अग्रवाल, प्रचार प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल, रामसागर पारा मोहल्ले की संयोजिका बॉबी जैन, कचना विधानसभा सह संयोजिका नीलम अग्रवाल, पत्रकार सुधीर आजाद तंबोली, फोटो जर्नलिस्ट दीपेन्द्र सोनी, पवन सिन्हा, नदीम मेनन, रविशंकर पांडेय, शेख आबिद के साथ अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी ने रायपुर प्रेस क्लब के सभी सदस्यों की ओर से अग्रवाल महिला मंडल का आभार व्यक्त किया।

## डी. लक्ष्मण मूर्ति का आकस्मिक निधन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के जनसंपर्क विभाग में अनुभाग अधिकारी के पद से सेवानिवृत श्री डी. लक्ष्मण मूर्ति (67 वर्ष) का आकस्मिक निधन आज 13 अगस्त 2024 को हैदराबाद में सुबह 9 बजे हो गया। उनकी अंत्येष्टि हैदराबाद में ही की गई। वे अपने पीछे धर्मपत्नी श्रीमती डी. वसुंधरा, पुत्री श्रीमती तेजस्वीनी, पुत्र श्री.विवेक मूर्ति सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। विदित हो कि स्व.मूर्ति पहले कुम्हारी निवासी थे। सेवानिवृत्ति उपरांत हैदराबाद में निवासरत थे। कार्यालय, अतिरिक्त महाप्रबंधक जनसंपर्क, विद्युत सेवा भवन, डंगनिया में शोक सभा आयोजित कर स्व.मूर्ति को श्रद्धांजलि दी गई।

## तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** 12 से 14 अगस्त 2024 को स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज मैट्स यूनिवर्सिटी ने अपना ओरिएंटेशन प्रोग्राम आरंभ 2024 यूनिवर्सिटी कैंपस रायपुर में आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता के रूप में एसएसपी रायपुर श्री संतोष सिंह उपस्थित थे। उन्होंने अपने प्रेरक शब्दों से छात्रों को आशीर्वाद दिया और छात्रों को सफलता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक गतिविधियाँ की गईं, जिसके बाद कई खेल हुए और छात्रों ने नृत्य प्रदर्शन और संगीत का आनंद लिया। साथ ही छात्रों को नई शिक्षा नीति और उसकी संरचना के बारे में बताया गया। सभी नए छात्रों को विभाग के शिक्षकों से परिचित कराया गया।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ छात्रों ने जूनियर छात्रों के साथ अच्छा समन्वय किया। विभाग के प्रमुख डॉ. उमेश गुप्ता ने छात्रों को मैट्स यूनिवर्सिटी में उनके करियर और विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम में कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, कुलपति डॉ. के.पी.यादव, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, प्रो वाइस चांसलर डॉ. दीपिका दंड, रजिस्ट्रार श्री गोकुलनंद पांडा ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और अपने भाषणों से उन्हें अनुग्रहित किया। कार्यक्रम के समापन से पहले एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया और छात्रों ने परिसर में या बाहर किसी भी प्रकार की रैगिंग गतिविधि में शामिल न होने की शपथ ली।

## आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय फिल्म मेकिंग वर्कशॉप का शुभारंभ, थीम : 'द 6 शॉट वंडर'

### अभिनय केवल संवाद का नहीं यह भावनाओं और स्थितियों को पर्दे पर प्रस्तुत करने की कला है : अभिनेता भगवान तिवारी

### लॉन्ग शॉट और क्लोजअप के बीच की कड़ी है 'द 6 शॉट वंडर' : अंकित शुक्ला

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय फिल्म मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता भगवान तिवारी ने छात्रों और कला प्रेमियों को फिल्म निर्माण और अभिनय की बारीकियों से अवगत कराया। वर्कशॉप की थीम 'द 6 शॉट वंडर' रखी गई, जिसमें शॉट फिल्मों के निर्माण और उनकी कला पर विशेष ध्यान दिया गया।



वर्कशॉप के पहले दिन, अभिनेता भगवान तिवारी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए प्रतिभागियों को अभिनय के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा, अभिनय सिर्फ संवाद बोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनाओं और स्थितियों को गहराई से समझने और उसे पर्दे पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने की कला है। सभी प्रतिभागियों ने न केवल फिल्म मेकिंग की तकनीकी जानकारियाँ प्राप्त कीं, बल्कि लाइव डेमोंस्ट्रेशन और प्रैक्टिकल सेशन के माध्यम से भी सीखने का अवसर पाया।

**असफलताएं और बाधाएं रास्ते के हिस्से हैं- भगवान तिवारी :** अभिनेता भगवान तिवारी ने कहा कि अंबिकापुर से लगभग दो सौ किलोमीटर दूर उस समय की एक छोटी से जगह रामानुजगंज से निकल मुंबई तक का सफ़र सरल नहीं था। सफलता प्राप्त करना आसान नहीं होता; इसके लिए कड़ी मेहनत, समर्पण और धैर्य की आवश्यकता होती है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और हर कदम पर कठिनाइयों से जूझना पड़ता है। तपने का मतलब है, अपने आप को निखारने के लिए संघर्षों की आग से गुजरना। असफलताएं और बाधाएं रास्ते का हिस्सा होती हैं, लेकिन उन्हें पार करके ही सफलता का स्वाद चखा जा सकता है। इसलिए, यदि आप अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं, तो खुद को तपाने और संघर्ष करने के लिए तैयार रहना होगा। यही असली सफलता का मार्ग है।

**फिल्म उद्योग में एक उज्ज्वल भविष्य आपका इंतजार कर रहा है- विभागाध्यक्ष अंकित शुक्ला :** फिल्म मेकिंग विभाग के विभागाध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि शॉट से सीन, सीन से सीक्वेंस, सीक्वेंस जुड़कर पूरी फिल्म का निर्माण करते हैं। फिल्म निर्माण एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह केवल निर्देशक और अभिनेता तक सीमित नहीं होता, बल्कि लेखक, सिनेमेटोग्राफर, संपादक, संगीतकार, मेकअप आर्टिस्ट, सेट डिजाइनर और तकनीकी विशेषज्ञ जैसे कई पेशेवरों की जरूरत होती है। इसलिए फिल्म उद्योग में करियर की अपार संभावनाएं हैं। यहां विभिन्न कौशल और रचनात्मकता की मांग रहती है, जिससे हर व्यक्ति अपनी योग्यता के अनुसार योगदान दे सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि अगर आपके पास किसी विशेष क्षेत्र में रुचि और विशेषज्ञता है, तो फिल्म उद्योग में एक उज्ज्वल भविष्य आपका इंतजार कर रहा है।

इस अवसर पर चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल, प्रो-चांसलर श्रीमती दिव्या अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल डॉ बी सी जैन, वाइस चांसलर डॉ. टी रामाराव, प्रो- वाइस चांसलर श्री सुमित श्रीवास्तव, डीन डॉ रुपाली चौधरी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. प्रांजली गनी सहित वर्कशॉप में कला प्रेमी, रंगमंच कलाकार और सिनेमा में रुचि रखने वाले बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संभागायुक्त कावरे ने किया जिला पंचायत का किया औचक निरीक्षण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने आज जिला पंचायत का औचक निरीक्षण किया, उनके साथ कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरिकृष्ण जोशी उपस्थित थे।

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सिराज इलेक्ट्रिकल्स
इलेक्ट्रिक कार्य के लिए अनुभवी लड़कों की
तत्काल आवश्यकता है
पता- : कचना, विधानसभा रोड, रायपुर
MO. : 7081177718, 9301248947

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354